भाद्रपद शुक्ल पक्ष-4, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 96 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
19 सितंबर 2023 मंगलवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

विशेष सत्र के दूसरे दिन ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में जुटे संसद, **पीएम बोले**- अब नए भविष्य का श्रीगणेश

# बुलंद इतिहास की याद व चमकते भविष्य की आस, संसद नए सफर पर

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

संसद का विशेष सत्र का दूसरा दिन आज बहुत महत्वपूर्ण बन गया है। मौजूदा संसद भवन से आज भारतीय संसद विदाई लेकर समीप के नये भवन में पहुंच गई है। पीएम मोदी ने कहा नए संसद भवन में हम नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। इससे पहले पुरानी संसद में लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों का एक साथ फोटो शूट हुआ। इसमें पीएम मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्य मौजूद रहे। विशेष सत्र के बीच सोमवार को मोदी कैबिनेट से महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिल गई है।

मौजूदा संसद के ऐतिहासिक सेंट्रल हाल में सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यहीं पर 1947 में अंग्रेजी हुकूमत ने सत्ता हस्तांतरण किया। यह सेंट्रल हॉल उस प्रकिया का भी साक्षी है हमारे राष्ट्रगान और तिरंगे को भी यहीं अपनाया गया, यहीं चार हजार से ज्यादा कानून पास हुए। इसी संसद में मुस्लिम बहन बेटियों को न्याय की जो प्रतीक्षा थी, शाहबानों केस के कारण गाड़ी कुछ उलटी पाटी पर चल गई थी, पर इसी सदन ने हमारी उस गलती को ठीक किया। इस मौके पर राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम विनम्रतापूर्वक डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल और बीआर अंबेडकर के योगदान को याद करते है, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी आभारी हैं कि उन्होंने कल अपने भाषण में बोलते हुए नेहरू के प्रयासों का उल्लेख किया। खडगे ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत से लेकर हमारी आजादी में अब तक हमने इस संसद के शानदार पल को अनुभव किया है।

## दिल खोलकर मिले मोदी, सोनिया संग बैठे सिंधिया !

*नए संसद भवन में जाने से पहले आज पुराने संसद भवन में कई नई तस्वीर देखने को मिली। सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता एक दूसरे से बड़े गर्मजोशी से मिलते रहे। पीएम नरेंद्र मोदी संसद के सेंट्रल कक्ष में सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्षी नेताओं से गर्मजोशी से मिलकर चर्चा करते रहे। उन्होंने सबका कुशलक्षेम भी पूछा। इसी तरह सेंट्रल हॉल में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया अगल-बगल बैठे दिखाई दिए। सिंधिया इस दौरान काफी खुश दिखाई दे रहे है। हालांकि, दोनों नेताओं ने इस दौरान कोई बातचीत करते नहीं दिखे। दरअसल नई संसद में जाने से पहले सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों का संयुक्त सेशन रखा गया था।*



## 27 साल से सफर में है यह विधेयक

संसद के विशेष सत्र के पहले दिन केंद्रीय कैबिनेट ने महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दे दी है मगर सबसे पहले सितंबर 1996 में एचडी देवगौड़ा की सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पेश किया था। इसके बाद से लगभग हर सरकार ने इस विधेयक को पारित कराने की कोशिश की। कांग्रेस की यूपीए सरकार 2010 में राज्यसभा में इसे जरूर पारित कराने में सफल रही लेकिन यह विधेयक लोकसभा में लटक गया। महिला आरक्षण विधेयक के इतिहास पर नजर डालें तो पता चलेगा कि 27 सालों की यह यात्रा इतनी आसान नहीं रही।


**संविधान सदन के रूप में जाना जाएगा पुराना संसद भवन :** इस मौके पर मोदी ने सुझाव दिया कि पुराने संसद भवन की गरिमा बनाए रखने के लिये इसे संविधान सदन के तौर पर जाना जाए,इसके लिये उन्होंने उपराष्टपति से भी अनुरोध किया कि आवश्यक विमर्श करके इस विचार को मूर्त रूप दिया जाए। इससे पुराने भवन की गरिमा भी बनी रहेगी और संसद सदस्यों का जुड़ाव भी बना रहेगा। मोदी ने कहा कि छोटे कैनवास पर बड़ा चित्र नहीं बन सकता।


यादगार ग्रुप फोटो सेशन

## चुनाव आयुक्तों का लेटर बम, दर्जा कम न करे सरकार

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित विधेयक पर संसद में चर्चा के पहले ही नया 'लेटर बम' आ गया है। 9 पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर विधेयक के उस प्रावधान को खत्म करने की अपील की है जिसमें सीईसी और आयुक्तों का दर्जा सुप्रीम कोर्ट के जजों के बराबर से घटाकर कैबिनेट सचिव के बराबर करने की बात की गई है। पत्र में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त जेएम लिंगदोह, टीएस कृष्णमूर्ति, एन गोपालस्वामी, एसवाई कुरैशी, वीएस संपत, एचएस ब्रह्मा, सैयद नसीम जैदी, ओपी रावत और सुशील चंद्र ने कहा है कि दर्जा घटाने के प्रस्ताव से उनके नौकरशाही से स्वतंत्र होने की धारणा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पत्र में सीईसी और चुनाव आयुक्तों के वेतन और सेवा शर्तों को कैबिनेट सचिव के समान बनाने को लेकर चिंताएं हैं व कहा है कि इससे संविधान के अनुच्छेद 325 के साथ एक विसंगति पैदा हो गई है, जो केवल महाभियोग के द्वारा सीईसी को हटाने की बात करता है जैसा सुप्रीम कोर्ट के जज के लिए है।

## गणपति बप्पा...





*भोपाल। रिद्धि-सिद्धि के दाता विघ्नों के विनाशक गौरी पुत्र भगवान गणेश की स्थापना के साथ ही 10 दिनी गणेशोत्सव की शुरुआत हो गई है। सीएम हाउस में भी भगवान गणपति की स्थापना की जा रही है। इसके लिए सीएम शिवराज सिंह अपनी पत्नी साधना सिंह और बेटों के साथ सुबह टीटी नगर स्थित पहुंचे और गजाजन की प्रतिमा ली। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी बाजार से गणेश प्रतिमा ली।*

# जवाबी कार्रवाई : भारत ने कनाड़ा के राजनयिक को देश से निकाला

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह हत्याकांड में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाने के मामले में भारत ने भी सख्त रुख अपनाया है और आज कनाडा के भारत में सीनियर डिप्लोमेट को निष्कासित करने का आदेश दे दिया है।कल ही कनाडा ने भारत के भारत के सीनियर डिप्लोमेट को निष्कासित किया था। आज मोदी सरकार ने भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को तलब करते हुए पांच दिन के अंदर भारत छोड़ने को कहा है। सरकार ने कहा है कि यह कार्रवाई हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दिखाती है।

दरअसल जून 2023 में हुई खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड हुआ था। इसमें भारत की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए कनाडा ने भारत के एक टॉप डिप्लोमैट को कनाडा से निष्कासित किया था। निज्जर को भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने भगोड़ा और आतंकवादी घोषित कर रखा था। इसके अलावा राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से निज्जर पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कल ही संसद में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में भारत सरकार की संलिप्तता पर सवाल उठाते हुए कहा, ÷कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार और कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच की कड़ी के आरोपों की सक्रियता से जांच कर रही है। कनाडा के नागरिक की हत्या में किसी अन्य देश या विदेशी सरकार की संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जस्टिन ट्रूडो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप के बाद कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि भारत के एक शीर्ष डिप्लोमैट को निष्कासित कर दिया गया है।

## कांग्रेस की जनआक्रोश यात्राएं शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



गणेश चतुर्थी के दिन से आज कांग्रेस की जनआक्रोश यात्राओं का श्रीगणेश हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि इन यात्राओं का उद्देश्य शिवराज सरकार के 18 साल के कुशासन से दबी कुचली जनता के दुख-दर्द को अभिव्यक्त करना है।नाथ ने कहा कि यह जनआक्रोश किसानों की आमदनी घटा देना, बहन बेटियों को असुरक्षित बना देने, नौजवानों से रोजगार छीनने, जनता पर महंगाई लादने, 50त्न कमीशन राज के खिलाफ पैदा हुआ है तथा शिवराज सरकार को विदा करने के लिए तत्पर है। ज्ञात हो कि कांग्रेस की यात्रा मप्र के सात स्थानों से शुरू होकर करीब 12 हजार किमी का सफर तय करेगी,इस दौरान कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता घर घर जाकर शिवराज सरकार के खिलाफ आरोपपत्र भी बांटेंगे।

## मिट्टी में वाकई मिल गया सोना

**नई दिल्ली एजेंसी।** जब एक व्यक्ति मेटल डिटेक्टर से मिट्टी में छिपी चीजें ढूंढ रहा था तभी उसके हाथ खजाना लग गया। ये वो



कीमती सामान है, जिसे 1500 साल पहले लोग इस्तेमाल किया करते थे। उसे ढेर सारा सोना मिला है। इनमें 9 पैंडेंट, 3 अंगूठी और 10 सोने के पियर्ल्स शामिल हैं। मामला नॉर्वे का है। जहां 51 साल के एरलैंड बोरे को रेनेसोए में दक्षिणी द्वीप पर खजाना मिला। दरअसल एरलैंड स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां का सामना कर रहे थे. जिसके चलते उन्हें डॉक्टर ने कहा कि पूरे दिन कुर्सी पर बैठने से अच्छा घूमा फिरा करो। बस इसी बहाने से उन्होंने इस साल अपना पहला मेटल डिटेक्टर खरीद लिया था। अब उन्हें इतना सोना मिला है कि जो भी इस बारे में सुन रहा है, वही हैरानी जता रहा है। एरलैंड ने अगस्त महीने में पर्वतीय द्वीपों पर अपने मेटल डिटेक्टर को लेकर टहलना शुरू किया था। पहले तो उन्हें कूड़ा कचरा ही मिल रहा था

**मेट्रो एंकर**

डिफॉल्टर्स के लिए एसबीआई ने शुरू की अनूठी योजना

# ईएमआई चुकाने में आनाकानी करने वालों से तगादे के लिए चॉकलेट लेकर पहुंच रहा बैंक!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

अक्सर कुछ फाइनेंस कंपनियां अपनी रिकवरी के लिये बाउंसर्स या हट्टे कट्टे रिकवरी एजेंट्स कर्जदार के घर भेजती हैं लेकिन देश का सबसे बड़ा बैंक अपने ग्राहकों को नरमी के साथ दायित्वों का बोध कराने की कोशिश में जुटा है। यह भारतीय बैंकों के लिये एक नया प्रयोग भी है, कि कोई आपका दरवाजा खटखटाए और चॉकलेट पेश करके ब्याज या किस्त अदा करने की याद दिलाए ! हालांकि यह उन ग्राहकों के लिये है,जो तारीख चूकने के बाद बैंक के फोन उठाना बंद कर देते हैं। बैंक प्रबंधन का अनुभव है कि ईएमआई भुगतान में देरी करने वाले कर्जदार अक्सर बैंक के रिमांइड के बाद भी कोई जवाब नहीं देते हैं इसलिए उनके घर पर बिना उन्हें सूचित किए जाना ही विकल्प है। दरअसल ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बीच खुदरा ऋण वितरण भी बढ़ रहा है मगर वसूली का बोझ बढता जा रहा है।

## ब्याज इजाफे से सतर्क



बैंक ग्राहकों के इन्ही पैंतरों से तंग आकर भारतीय स्टेट बैंक यानि एसबीआई ने खुदरा कर्ज लेने वालों को समय पर लोन की किस्त चुकाने की याद दिलाने के लिए यह एक अनोखा तरीका आजमाना शुरू कर दिया है। मासिक या निर्धारित अवधि वाली किस्त से चूकने वालों की जिन ग्राहकों की संभावना दिखती है उनको बैंक चॉकलेट का एक पैकेट भेज रहा है। बैंक ने कहा, जो कर्जदार डिफॉल्ट करने की योजना बना रहा है, वह बैंक के बार-बार कॉल का जवाब नहीं देगा। इसलिए अच्छा तरीका है कि आप बिना बताए उनसे उनके घर पर मिलें। बैंक ने कहा, यह कदम बेहतर कलेक्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिस्टम में खुदरा कर्ज के बढ़ते स्तर के साथ-साथ ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बीच उठाया गया है।

## खुदरा कर्ज 14 % बढ़ा

*बताया जाता है कि जून, 2023 की तिमाही में एसबीआई का कुल खुदरा कर्ज 16.46 फीसदी से अधिक बढ़कर 12.04 लाख करोड़ रहा है। बैंक का कुल कर्ज 13.9 फीसदी बढ़कर 33.03 लाख करोड़ रुपये रहा है। एसबीआई के एमडी अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेस का इस्तेमाल करने वाली दो फिनटेक कंपनियों के साथ हम अपने खुदरा ग्राहकों को किस्त याद दिलाने का एक नया तरीका अपना रहे हैं, जिन ग्राहकों की किस्त चूकने की आशंका है, उनसे फिनटेक प्रतिनिधि मिलने जाएंगे।*

# जाम लगाने वाले वाहन चालकों की खबर पुलिस को देने लगे लोग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में जाम लगाने वाले लोगों की सूचना पुलिस को दी जाने लगी है। यह सब पुलिस द्वारा जारी किए गए एक वाट्सएप नंबर के सामने आने के बाद हुआ है। ये वे लोग हैं जो जाम से परेशान होते हैं। इसे देख माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सड़क पर वाहन खड़े करने वाले लोगों की और फजीहत होनी तय है। असल बात यह है कि राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यातायात पुलिस ने बीते बुधवार को एक व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। इस नंबर पर सुझाव और सड़क पर वाहन खड़े वाहनों के फोटो मांगे थे। जिसके बाद करीब तीन दर्जन लोगों ने पुलिस को फोटो भेजी है। ढेरों मैसेज भी मिलने लगे हैं। । दरअसल ट्रैफिक पुलिस ने व्हाट्सअप हेल्पलाइन नंबर 7587602055 जारी किया है। यह कवायद राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए की है। जिसके दो मकसद है, एक तो आम जनता भी पुलिस की मदद कर सकेगी। दूसरा यह कि सड़कों पर वाहन खड़े करने वालों पर सख्ती की जा सके। इसके अलावा चआम जनता यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए अपने सुझाव दे सकेगी। वहीं शहर की स?कों पर नो-पार्किंग जोन में वाहन ख? हुए दिखाई देने पर मोबाइल से फोटो खींच कर यातायात पुलिस के व्हाट्सअप हेल्पलाइन नंबर पर भेज सकते हैं।

## मगर पुलिस के पास इंतजाम कम



हालांकि पुलिस ने यह नवाचार कर तो लिया है लेकिन उसकी समस्या यह है कि संसाधन बहुत कम हैं। नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी गाडियो ंको उठाने के लिये उसके पास सीमित संख्या में क्रेन हैं। इसके अलावा पुलिसकर्मियों की कमी व उनकी वीआईपी ड्यूटी समेत अन्य वजहें भी हैं,जिसके चलते प्रभावी एक्शन नहीं हो पाता। नगर निगम और पुलिस कर्मियो के बीच भी मैदानी स्तर पर तालमेल नहीं है,जिसके चलते पार्किंग व अतिक्रमण बेलगाम हैं।

## चालानी कार्यवाही की नौबत

शहर में सड़कों पर वाहन खड़े करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले संबंधित वाहन व उसके चालक के खिलाफ चालानी कार्यवाही हो सकती है। दरसअल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस शहर के स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थानों में लगातार अभियान चला रही है। जागरुकता लाने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन स्थिति सुधरने की बजाए बिगड़ी हुई है। शहर में कई युवा वाहन चला रहे हैं, जिन्हें नहीं चलाना चाहिए। कई बार तो वयस्क लोगों के पास भी जरूरी दस्तावेज नहीं मिलते हैं।

### सुलेमानिया स्कूल का रेनोवेशन शुरू

# बच्चों को हमीदिया स्कूल में किया शिफ्ट

### बीच सत्र में बच्चों की शिफ्टिंग का अभिभावक कर रहे विरोध

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय संस्कृति निधि (इंटेक) द्वारा राजधानी के शासकीय सुलेमानिया मिडिल स्कूल का रेनोवेशन किया जा रहा है। जिसके चलते यहां पढ़ रहे बच्चों को संकुल के हमीदिया स्कूल क्र. 1 में शिफ्ट किया गया है। हालांकि बीच सत्र में बच्चों को दूसरे स्कूल में शिफ्ट करने का अभिभवक विरोध कर रहे हैं। सोमवार को अभिभावकों के साथ पहुंचे स्थानीय नेताओं द्वारा इसका जमकर विरोध किया गया। अभिभावकों का कहना है कि इससे अचानक बच्चों की पढ़ाई बंद हो गई है। बीच सत्र में स्कूल में निर्माण कार्य कराया जा रहा है और ठेकेदार ने अपने मजदूरों को स्कूल के ही क्लासरूम में ही ठहरा दिया है। बच्चों को पढ़ने के लिए दूसरे शासकीय स्कूल में भेजा जा रहा है।





## पुरातत्व महत्व खत्म किए बिना होगा रेनोवेशन

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने पुरातत्व महत्व की इमारतों का संरक्षण करने वाली संस्था इंटेक को सुलेमानिया मिडिल स्कूल के रिनोवशन का काम दिया गया है। यह संस्था उक्त भवन का पुरातत्व महत्व खत्म किए बिना निःशुल्क रिनोवेशन करेगी। इसके लिए इंटेक की दिल्ली से टीम आई हुई है। काम के दौरान बच्चों को कोई नुकसान न हो और आने वाली टीम को ठहराने के लिए स्कूल को खाली कराने का प्रस्ताव संस्था ने दिया था। इसके चलते जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी यहां दर्ज 90 छात्र-छात्राओं को पास के स्कूल जो इस क्षेत्र का संकुल भी है, हमीदिया स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया है।

## तैयारियों का जायजा



**भोपाल।** 25 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर सभा स्थल की तैयारी का जायजा लेते मंत्री विश्वास सारंग व महापौर मालती राय।

# 98वें यूरोलॉजी शिविर आयोजन की पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के प्रबंधन ट्रस्टी श्री एल. सी. जनियानी जी ने आज आगामी 23 सितम्बर 2023 से लगने वाले 98वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर आयोजन की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि शिविर में आने वाले मरीजों के लिये आवश्यक दवाईयों तथा ब्लड यूनिट्स का बंदोबस्त कर लिया गया है। शिविर आयोजन की अनुमति राज्य के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त कर ली गई है। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को संत नगर में ठहराने के सभी प्रबन्ध कर लिये गये हैं । ऑपरेशन थियेटर्स के रखरखाव, फ्यूमीगेशन इत्यादि का कार्य पूरा कर लिया गया है । सर्जरी के पहले तथा बाद में रोगियों की देखभाल हेतु पर्याप्त संख्या में सेवादारों की तैनाती की गई है ।

बैठक में बताया गया कि यूरोलॉजी मरीजों को पंजीयन में होने वाली कठिनाईयों को दूर करने के लिये अब मोबाइल नं. 6260392547 पर पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । पेशाब की बीमारियों से पी?ित रोगी इस मोबाइल नम्बर पर दिनांक 22 सितम्बर 2023 तक पूर्वान्ह 11 से संध्या 5 बजे तक पंजीयन करवा सकते हैं । सेवा सदन के प्रबंधन ट्रस्टी श्री एल.सी जनियानी ने कहा कि संत हिरदाराम साहिब जी ने हमें सेवा का रास्ता दिखाया है। संत जी के सेवा कार्यां को अब सिद्ध भाऊजी आगे बढा रहे हैं। श्री जनियानी ने कहा कि सेवा ही सबसे बडा आर्शीवाद है। इस अवसर पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के कोर ग्रुप के सभी सदस्य, सेवादार, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### साधु वासवानी स्कूल में गणेशजी की प्रतिमाएं बनाई बच्चों ने

# मिट्टी के गणेश की प्रतिमा स्थापित करें, पर्यावरण को शुद्ध रखें: गेहानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न रुपों में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनायी, रंगों के स्थान पर सिंदूर, पौधों की फूलों एवं पत्तियों का प्रयोग किया गया, किसी ने चूहे की सवारी पर बिठाकर तो किसी ने सिहांसन पर बिठाकर गणपति की प्रतिमा को आकर्षक रुप दिया।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य यही है कि बच्चे अपने हाथों से मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाएंगे जिसमें श्रद्धा व भावना होगी और 11 दिन तक घर में श्री गणेश जी की पूजा करेंगे। उसके बाद बाल्टी में पानी भरकर गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। पीआरओ दीपा आहूजा ने बताया कि गणपति महोत्सव का प्रारंभ देश को एकता के सूत्र में बांधने हेतु किया



गया था हर शुभ कार्य में गणेश जी की पूजा की जाती है, गणेश जी विघ्नहर्ता, सुखकर्ता, बुद्धि व ज्ञान के दाता हैं हमें अपने कार्य को सार्थक करने के लिए गणेश जी की उपासना अवश्य करनी चाहिए। उप प्राचार्या स्वाति कलवानी, शिक्षक रामकिशन पाराशर और शिक्षिका ममता जनियानी ने पर्व पर अपने विचार रखे। विद्यालय में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 11 दिन विधिवत् पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**ये पुरस्कृत हुए:** लाइफ लाइन स्कूल में सोमवार को इको फ्रेंडली गणपति बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक गणेशजी की प्रतिमाएं मिट्टी से बनाई और कलर भी किया। प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी किरण वाधवानी, नैना वाधवानी ने प्रमुख से मौजूद रहीं।

## संतजी के अवतरण दिवस पर रामधुनी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

युवा सिंधी मंच संत हिरदाराम साहिब जी का अवतरण दिवस 21 सितंबर को मनाएगा, जिसमें रामधुनी सुबह 11 से 12.00 बजे, प्रसादी वितरण व भण्डारा दोपहर एक बजे से शाम 5.00 बजे तक किया जायेगा । यह जानकारी मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी ने दी है।

**पौधों का वितरण** : बजरंग सेना समिति संत हिरदाराम साहिब जी के अवतरण दिवस पर 19 से 21 सितम्बर तक 200 तुलसी के पौधों का वितरण करेगी। कोई भी कमलेश देवानी 7470822287, राज कुमार गर्ग 9893134754, जीतू शिवनानी 9425013367, राजेश केवलानी 7000587600 के नंबरों पर संपर्क कर पौधे ले सकता है।

# 60 स्कूल संचालकों समेत शिक्षक व शिक्षिकाएं हुईं सम्मानित

### महिला सिंधी पंचायत ने आयोजित किया कार्यक्रम



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी महिला पंचायत ने संतनगर के 30 स्कूलों के संचालकों के साथ 30 शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अकादमी अजीत सिंह शामिल हुए। विशेष अतिथि अशोक मनवानी ओर मधुबाला सक्सेना थे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी ने किया। महासचिव मधु ललवानी ने पंचायत की गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों ने कहा महिला पंचायत के बैनर तले 60 शिक्षक और स्कूल संचालकों का सम्मान सराहनीय है। कार्यक्रम में बसंत चेलानी, सपना श्रीवास्तव का भी सम्मान किया गया। जिलाध्यक्ष निरंजन सर, सभी स्कूलो के शिक्षक ओर महिला पंचायत के सदस्य मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### भाजपा का गढ़ में सेंध लगाने पूर्व भाजपाई विधायक उतारेगी कांग्रेस!

# हुजूर पर चेहरे तय नहीं, कांग्रेस से डागा सक्रिय, भाजपा से तय माने जा रहे रामेश्वर

**रीतेश कुमार, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव को लेकर जहां कांग्रेस और भाजपा के नेता अपनी अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। हुजूर सीट पर इस बार कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। एक तरफ जहां हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा विकास कार्यों को लेकर चुनावी मैदान में उतरेंगे,वहीं कांग्रेस से पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा के मैदान में होने की संभावना जताई जा रही है। वह अपने कार्यकाल के कामों को लेकर जनता से संपर्क भी साधने लगे हैं।

विधानसभा चुनाव तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन नवंबर में चुनाव होना तय माना जा रहा है। हुजूर विधानसभा सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है। भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक अपने चेहरे का ऐलान नहीं किया है। लेकिन टिकट की उम्मीद रखने वाले नेता सोशल मीडिया से लेकर डोर टू डोर जनता से संपर्क कर रहे है।

हुजूर विधानसभा की बात करें तो लगभग 6 माह पहले से कभी भाजपा से विधायक रहे जितेन्द्र डागा इस बार कांग्रेस से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। वह विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता भी हैं। हर रोज ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनता से संपर्क कर रहे है, उनसे सीधे मुलाकात कर उन समस्याओं को जान रहे हैं। डागा का दावा है कि उन्हें जनता का अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा है। उनका कहना है भाजपा के आधे से ज्यादा कार्यकर्ता जो विधायक को नहीं पसंद करते है वह कांग्रेस के साथ हैं।

## हुजूर में 180 गांव

हुजूर विधानसभा में लगभग 180 गांव है, इन गांव की जनता, किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से जितेन्द्र डागा एक बार नहीं कई मुलाकात कर चुके हैं। उन्हें उम्मीद भी है टिकट मिला तो भाजपा के गढ़ को ध्वस्त कर देंगे।

## विकास के मुद्दे पर चुनाव

हुजूर से दो बार के मौजूदा विधायक रामेश्वर शर्मा को टिकट मिलना तय माना जा रहा है। वे अपने कार्यकाल में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किए गए कामों को गिनाकर जनता का समर्थन मांगेंगे। संतनगर में वे फाटक रोड पर ब्रिज निर्माण, गुलाब उद्यान बोरबन पार्क में पगड़ी रस्म हॉल के कामों को बताएंगे। हालांकि पगड़ी रस्म हॉल पर एनजीटी ने रोक लगा दी है।

## एलिवेटेड ब्रिज का मुद्दा

*प्रदेश को पहला डबल डेकर संतनगर में बनना है। कैबिनेट की मंजूरी भी मिल गई है। लेकिन, 306 करोड़ की लागत से बनने वाले ब्रिज व्यापारी खुश नहीं है, वे विधायक से नाराज है। कांग्रेस क्षेत्र में ब्रिज का विरोध और कैचमेंट को लेकर किसानों के गुस्से का फायदा उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।*

# मिठी एनसीसी कैडेट्स मोहित को गोल्ड अभिनव को कांस्य

### आरडीसी आईजीसी अगले स्तर के लिए चुने गए

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल की एनसीसी नेवल विंग के दो कैडेट्स मोहित डे व अभिनव शर्मा का चयन आरडीसी आईजीसी अगले स्तर के लिए हुआ है। छह से 11 सितंबर तक नेशनल केडिट कॉर्प टू ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया था। आरडीसी आईजीसी में छात्रों ने लिखित परीक्षा (नेवी व सामान्य ज्ञान), शूटिंग इवेंट, ड्रिल व सांस्कृतिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । मोहित डे को कैंप में 6 दिवसीय प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट केडिट का स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। अभिनव शर्मा को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। दोनों ही छात्र मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के लगभग 77 कैडेट्स के मध्य कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए सर्वश्रेष्ठ 27 कैडेट्स में सम्मिलित हुए हैं।



छात्राओं की कामयाबी पर संस्था प्रमुख सिद्धभाऊजी, संस्था सचिव ए सी साधवानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने बधाई दी है। छात्रों ने यह कामयाबी एन सी सी कमांडिंग ऑफिसर श्री संत चौराहा की भी सराहना की है।

# सरकारी व निजी स्कूलों में एक साथ होगी 5वीं-8वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा


- स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश, 9 से 16 अक्टूबर के बीच होगा आयोजन
- अर्द्धवार्षिक परीक्षा का 20 फीसदी अधिभार वार्षिक परीक्षा में जोड़ा जाएगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग ने 9वीं से 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित कराने के बाद अब 5वीं और 8वीं कक्षाओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों के साथ अब निजी स्कूल और मदरसों की भी अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं होंगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षा 9 से 16 अक्टूबर के बीच होगी। इस परीक्षा का 20 फीसदी अधिभार वार्षिक परीक्षा में जोड़ा जाएगा। इस संबंध में संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए है।

### उत्तरपुस्तिका अलग से दी जाएगी

राज्य शिक्षा केंद्र ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार प्रश्न पत्र में ही उत्तर नहीं लिखना होंगे। उत्तरपुस्तिका अलग से दी जाएगी। परीक्षा में मदरसे भी शामिल रहेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने विस्तृत दिशा-निर्देश एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड कर दिए है।



### पहले बोर्ड पैटर्न पर हुई 5वीं 8वीं की परीक्षा

प्रदेश में पिछले साल से बोर्ड पैटर्न पर सरकारी व प्रायवेट स्कूलों में पांचवीं-आठवीं की एक साथ परीक्षा (मूल्यांकन) शुरू की गई है। इस बार (शैक्षणिक सत्र 2023-24) से अर्द्धवार्षिक परीक्षा भी एक साथ आयोजित की जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इससे बेहतर व्यवस्था के साथ परीक्षा का आयोजन हो सकेगा। सभी स्कूलों में इसे गंभीरता से कराया जाएगा और इसके बेहतर परिणाम भी होंगे।

### आरएसके के ब्लू प्रिंट के अनुसार तैयार होंगे पेपर

अर्द्धवार्षिक परीक्षा में 30 सितंबर तक पढ़ाए गए विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्न-पत्र स्कूल स्तर पर राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी ब्लू प्रिंट के अनुसार बनाए जाएंगे। प्रायवेट स्कूल को उक्त प्रश्न-पत्र की एक प्रति बीस अक्टूबर तक बीआरसीसी कार्यालय में जमा कराना होगी।

### प्रधानमंत्री मोदी 25 को कार्यकर्ता महाकुंभ को करेंगे संबोधित

# चुनाव के लिए लंबे सफर पर कांग्रेस व भाजपा, सूबे में यात्राओं की रौनकें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। मप्र में आज से यात्रा का जवाबी दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस जनआक्रोश यात्रा शुरू कर चुकी है तो अक्टूबर तकचलेगी। कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेताओं को यात्रा का प्रभारी बनाया है। वहीं भाजपा की जन आर्शीवाद यात्रा भी पूरे प्रदेश में चल रही है और इसमें भाजपा शासति राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हो रहे हैं। बीते दिन हरियाणा के मनोहर लाल खट्टर और असम के हेमंत विश्वसरमा ने अनेक स्थानों पर सभा संबोधित की। भाजपा की यात्राओं का समापन आगामी सप्ताह भोपाल में होगा जब प्रधानमंत्री मोदी विशाल कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करेंगे।**

### कांग्रेस ने दिया ही है, भाजपा ने छीना है- नाथ

कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि आदिवासी भाइयों का डीएनए कांग्रेस का डीएनए है। मगर दुख की बात है कि आदिवासी को अपने हक के लिए सड़कों पर उतरकर लड़ना पड़ रहा है, जबकि सबसे पहले प्रदेश पर हक आदिवासियों का है आदिवासी कांग्रेस द्वारा आयोजित अमर शहीद आदिवासी जननायक राजा शंकर शाह जी कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस कार्यक्रम में कमलनाथ ने कहा बात चाहे निमाड़ की हो, मालवा की हो, चाहे नीमच की हो, सभी जगह से खबरें आती हैं आदिवासियों पर अत्याचार की और कई जगह की तो खबरें हम तक आ भी नहीं पाती हैं। उन्होंने कहा कि 18 साल की भाजपा सरकार ने आदिवासी भाइयों को क्या दिया हैड़ केवल उन्होंने उनसे छीना ही है। पेसा कानून भी कांग्रेस लाई थी जो अभी तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरे तरीके से लागू भी नहीं कर पाई है। आदिवासी दिवस भी कांग्रेस ने बनाया और आदिवासी भाइयों का कर्जा माफ करने का काम भी हमने किया किया। कमलनाथ ने कहा कि अब आदिवासी समाज आप अपना मांग पत्र बनाए और यह मांग आपको छाती ठोक कर यह मांगे मांगवानी है। कितनी शर्म की बात है कि आज आपको अंतिम संस्कार के लिए जमीन तक भी सरकार ने नहीं दी है। आदिवासी छात्रों के लिए हॉस्टल की सुविधा नहीं है।

### सरकार ने बदली मप्र की सूरत - खट्टर



**भोपाल/सागर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और हरियाणा की सीएम मनोहर लाल खट्टर ने सागर में जनआर्शीवाद यात्रा की सभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन को आईएनडीआईए तो रख लिया, लेकिन ऐसा नाम रखने से कोई इंडिया नहीं बन जाता। कांग्रेस और उसके गठबंधन के लोग सनातन धर्म को खत्म करने की बात कर रहे हैं। सुरखी में इस जनसभा को संबोधित करते हुए खट्टर ने कहा कि मुझे याद है कि पहले मैं मध्यप्रदेश आया करता था, तब प्रदेश की सड़कों पर गड्ढे हैं, या गड्ढों में सड़क है यह पता ही नहीं चलता था। जब से यहां भाजपा की सरकार आई है, तब से मध्यप्रदेश कि सूरत ही बदल गई है। हर जगह सीमेंट की सड़कें दिखाई देती हैं, घरों में नल से पानी आ रहा है, किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। खट्टर ने कहा कि लाडली लक्ष्मी और लाडली बहना जैसी अनेकों योजनाओं ने मध्यप्रदेश की तस्वीर ही बदलकर रख दी है। 15 महीनों की कमलनाथ की सरकार ने इनमें से कई योजनाएं बंद कर दी थी। लेकिन दोबारा भाजपा की सरकार बनने पर उन कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा की सरकार आने के बाद पुनः चालू कर दिया गया है। जनसभा के उपरांत हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने सुर्खी से ले कर बिलहरा राजा तक रोड शो किया।



### सीएम का रास्ता खुला रखने के फेर में ओंकारेश्वर में बाढ़ : कांग्रेस

मप्र में खंडवा जिले के पवित्र तीर्थ ओंकारेश्वर और वहां से नीचे के इलाकों में आई बाढ़ के लिए कांग्रेस ने सीएम शिवराज सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवालां ने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा नहीं है, क्योंकि सर्वविदित है कि भगवान जगतगुरु शंकराचार्य की मूर्ति के उद्घाटन का कार्यक्रम 18 सितंबर को प्रस्तावित था और इसके पहले 15 सितंबर को मुख्यमंत्री को ओंकारेश्वर जाना था उन्हें रपटे पर से होकर पहुंचना था इसलिए प्रशासन ने ओंकारेश्वर बांध के फाटक बंद रखे ताकि रपटे के ऊपर से पानी न आ जाए। 15 सितंबर को मुख्यमंत्री ओंकारेश्वर पहुंचे, जबकि उससे पहले ही बांध में लगातार पानी बड़ रहा था, जिसके चलते बांध के फाटक खोलने की बहुत आवश्यकता थी। लेकिन प्रशासन पर अघोषित दबाव था कि बांध के फाटक ना खोले जाएं, इसलिए कई दिन की बरसात के बावजूद बांध में पानी बड़ने दिया गया। जब मुख्यमंत्री ने 15 सितंबर का कार्यक्रम पूर्ण कर लिया, उसके बाद बांध के फाटक एकदम से खोल दिए गए और ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र तथा नदी के बहाव के निचले इलाकों में बहुत तेजी से बाढ़ का पानी घुसा। स्थानीय निवासियों ने बहुत स्पष्ट शब्दों में यह बात सार्वजनिक की है।

### कोर्ट ने जुर्माना लगाया

# जिले से बाहर हुआ तबादला रुकवाने गए वनरक्षकों को फटकार




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदौर, धार और खरगोन वन मंडल के 30 वनरक्षकों पर हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए तबादला निरस्त करने की उनकी याचिकाओ को खारिज कर दिया है।

हाईकोर्ट ने कहा है कि वनरक्षकों की सेवा शर्तों के अनुसार उन्हें जिले के बाहर स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है किंतु आपातकालीन स्थिति में उन्हें कहीं भी तबादला किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग ने अप्रैल में बुरहानपुर वन मंडल में हो रही बेतहाशा अवैध कटाई और अतिक्रमण रोकने के लिए धार, खरगोन और इंदौर के लगभग 30 वनरक्षकों के ट्रांसफर बुरहानपुर वन मंडल में किया था. तबादला आदेश आदेश रुकवाने के लिए सभी स्थानांतरित वनरक्षक हाई कोर्ट पहुंच गए थे। इन्हें पहले अंतरिम राहत मिल गई थी, सभी याचिका कर्ताओं ने तर्क दिया था कि उनकी सेवा शर्तों के मुताबिक उनका तबादला जिले अथवा सर्किल के बाहर नहीं किया जा सकता है। एक याचिकाकर्ता ने दलील दी की स्थानांतरण नीति के तहत पति-पत्नी को एक ही जिले में पदस्थ किया जा सकता है। याचिकाकर्ताओ की आशंका यह भी थी कि उनके वरिष्ठक्रम पर असर पड़ेगा। मगर सरकारी वकील ने कोर्ट में दलील दी कि चूंकि वन रक्षकों की कमी थी, इसलिए इस स्थानांतरण आदेश के द्वारा आसपास के जिलों में तैनात इन 30 वन रक्षकों को जंगल और वन विभाग के अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए बुलाया गया है, वरिष्ठता को सुरक्षित रखा गया है लिहाजा कोर्ट ने सभी अर्जी खारिज करते हुए बुरहानपुर भेजे जाने के न केवल आदेश दिए, बल्कि सभी याचिकाकर्ता वनरक्षकों पर 5-5 हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि वनरक्षक यह नहीं कह सकता कि वह केवल अपने जिले के जंगलों की ही सुरक्षा करेगा। हर एक सरकारी कर्मचारी पर यह जवाबदारी है कि सरकार को उसकी जब और जहां जरूरत हो, उसकी सेवाएं ले सकती है।

# कल उज्जैन में 23 सौ करोड़ के ऋण बांटेंगे सीएम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 सितंबर को उज्जैन में प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस का शुभारंभ करेंगे। इसमें विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तीन लाख से अधिक युवाओं को 2,300 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण कर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। वे साथ ही विभिन्न जिलों की 1,708 एमएसएमई इकाइयों और 10 करोड़ से 50 करोड़ की निवेश वाली 43 इकाइयों का लोकार्पण भी करेंगे। 307 एमएसएमई इकाइयों का भूमि-पूजन, 17 क्लस्टर व 26 विभागीय औद्योगिक क्षेत्रों का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण किया जाएगा। इन परियोजनाओं से 71 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा।

### यूजी-पीजी की मेरिट सूची कल होगी जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के 1 हजार 318 प्राइवेट, सरकारी और अनुदान प्राप्त कॉलेजों में यूजी-पीजी की 9.90 लाख सीटें हैं। छठवें राउंड तक 5 लाख 10 हजार 816 एडमिशन हुए हैं। 20 सितंबर को कॉलेज स्तर पर मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके बाद विद्यार्थी 26 सितंबर तक फीस जमा कर दाखिला ले सकते हैं।

**मेट्रो एंकर** | **उपभोक्ता आयोग का फैसला**

# पर्याप्त बैलेंस होने के बाद भी नहीं काटी बीमा प्रीमियम राशि, अब देने होंगे 4 लाख 15 हजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैंक द्वारा पॉलिसी की अवधि समाप्त होने के बाद उपभोक्ता के खाते से समय पर बीमा प्रीमियम की राशि आटो रिन्यूअल के माध्यम से काटी जानी चाहिए थी, लेकिन बैंक द्वारा नहीं काटी गई। पर्याप्त बैलेंस होने के बाद भी समय पर बीमा प्रीमियम की राशि न काटने की लापरवाही को उपभोक्ता आयोग ने बैंक की सेवा में कमी बताया है। बीमित उपभोक्ता की मौत के बाद नॉमिनी द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन पर फैसला सुनाते हुए उपभोक्ता आयोग ने बैंक को आदेश दिए हैं कि वह दो माह के भीतर नॉमिनी को 4 लाख रूपए की



बीमाधन राशि का भुगतान करे। इसके साथ ही मानसिक परेशानी की क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार रुपए और परिवाद व्यय के 5 हजार रुपए अदा करे। दो माह के भीतर राशि अदा नहीं करने की स्थिति में 9 प्रतिशत सालाना ब्याज भी देना होगा। यह फैसला जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल एवं सदस्य प्रतिभा पाण्डेय की बेंच ने सुनाया है।

### *यह है पूरा मामला...*

भोपाल के वल्लभ नगर निवासी बृहस्पति पटेल द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबंधक, हबीबगंज शाखा, भोपाल के विरूद्ध जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया था। परिवादी ने बताया कि उनकी माता गुलाब कली पटेल का एक बचत खाता बैंक में है। सितंबर 2014 को गुलाब कली पटेल को बैंक ने बताया था कि एक बीमा योजना चालू की गई है, जिसका सालाना प्रीमियम 200 रूपए है। यह खाते से काट ली जाएगी। अलग से प्रीमियम जमा करने की जरूरत नहीं होगी। खाताधारक की मौत होने की स्थिति में नॉमिनी को 4 लाख की राशि दी जाएगी। परिवादी को नॉमिनी बनाया गया था। 10 अक्टूबर 2014 को परिवादी की मां गुलाब कली पटेल का एक दुर्घटना में निधन हो गया। जिसकी सूचना पुलिस को देने के साथ ही बैंक को भी दी गई और नॉमिनी होने के आधार पर विपक्षी से बीमा की 4 लाख रूपए की राशि मांगी गइ, लेकिन बैंक द्वारा बीमा राशि का भुगतान नहीं किया गया। बैंक द्वारा कहा गया कि खाताधारक के खाते से प्रीमियम राशि नहीं काटी गई, इसलिए भुगतान करने में कठिनाई है।



सुविचार

''अपने जीवन को इतना सार्थक बनाओ कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें।''

– अज्ञात

l ikndh;

## विशेष सत्र खास बैठक भी अहम

संसद का विशेष सत्र चल रहा है। पांच दिन के इस सत्र में ऐसा क्या होने वाला है,जिसके लिये इसे आहूत किया गया? यह सवाल राजनीतिक दलों और राजनीति में रूचि रखने वाले लोगों के सामने हैं। हालांकि मुख्य वजह संसद को नये भवन में शिफ्ट करना भी है, कल सांसद पुरानी संसद में बैठे और पहले दिन की बहसों में भाग लिया,लेकिन आज से भारतीय संसद अपने नये भवन में लग रही है। यह बहुत ऐतिहासिक अवसर भी है, खास बात यह है कि मौजूदा संसद के जो भी सांसद हैं, वे ऐसे समय के साक्षी हो गये हैं जो पुराने दौर से नये दौर में प्रवेश कर रहा है। भविष्य में जब भी नये सांसद आएंगे तो उन्हें पुराने भवन और उसकी ऐतिहासिकता से उतना भावनात्मक लगाव नहीं होगा,जो पुराने सांसदों को है। बहरहाल नजरें इस बात पर है कि केंद्र की मोदी सरकार इस सत्र में ऐसा क्या करना चाहती है,जो सत्र बुलाया गया। विपक्षी दलों के सभी सांसद इसे लेकर व्यग्र भी है। दरअसल हाल के समय में भारतीय राजनीति ऐसे टेढे मेढे रास्तों से गुजरी है,जहां जमकर आरोप प्रत्यारोप चले और मामले इतने तीखे शब्दों तक पहुंचे कि आम लोग भी चौंक पड़े। दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की कार्यसमिति ने भी संसद सत्र की शुरूआत से एक दिन पहले तक हैदराबाद में मंथन किया है। उसका पूरा जोर इंडिया गठबंधन की एकजुटता कायम रखने पर दिखा तो यह स्वाभाविक भी है क्योंकि मल्लिकार्जुन खरगे के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बैठक ऐसे समय हुई जब लोकसभा चुनाव में कुछ ही महीने रह गए हैं। दूसरी बड़ी बात यह है कि इस बीच विपक्षी दलों की एकजुटता के मोर्चे पर गाड़ी इतनी आगे बढ़ चुकी है जितनी कुछ समय पहले तक लगभग नामुमकिन मानी जा रही थी। विपक्षी दलों के गठबंधन का अस्तित्व में आ जाना एक ऐसी बात है जिसने उनके उत्साह और मनोबल में काफी इजाफा किया है। हालांकि असली परीक्षा तब होगी जब गठबंधन अपने उम्मीदवारों की सूची तय करने बैठेगा। हालांकि आने वाले तीन महीने में पांच राज्यों के विस चुनाव भी हैं। यूं तो कह दिया जाता है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनावों के लिए है और विधानसभा चुनावों में कोई सहमति न भी बनी तो उससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन अगर आम चुनावों में साथ लड़ने की कसमें खा रहे दल और नेता विधानसभा चुनावों में एक-दूसरे के कट्टर विरोध में मैदान में होंगे तो वोटरों का मन और मिजाज उससे अप्रभावित रहे यह कैसे मुमकिन होगा। बताते हैं कि जब खरगे ने बैठक में प्रदेश अध्यक्षों से यह सवाल किया कि ब्लॉक स्तर पर उनकी कैसी तैयारियां हैं और क्या उन्होंने अपनी तरफ से अच्छे प्रत्याशियों की सूची तैयार कर ली है तो उनका संकेत संगठनात्मक तैयारियों से जुड़ी इन्हीं चुनौतियों की ओर था। कांग्रेस नेतृत्व इसे कितनी गंभीरता से ले रहा है इसका अंदाजा दो बातों से होता है। एक तो यह कि अर्से बाद कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक दिल्ली से बाहर और वह भी तेलंगाना में रखी गई, जहां इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। दूसरी बात यह कि बैठक में शामिल सांसद विशेष सत्र के मद्देनजर तत्काल दिल्ली लौट आए, पर बाकी सदस्यों से कहा गया कि वे तेलंगाना के किसी न किसी विधानसभा क्षेत्र में जाकर वहां की तैयारियों का जायजा लें। अब आगामी हर चुनाव कांग्रेस के अस्तित्व को मजबूत बनाने के लिये इसी तरह की तैयारी और प्रतिबध्दता की मांग करता है, वहीं सत्तारूढ भाजपा के लिये भी लोकसभा का चुनाव उसके आगामी कार्यक्रमों व इरादों के बेहद चुनौतीपूर्ण है।

# बीजेपी के पास मुद्दों का अकाल, इसलिए करती है सनातन की बात

**भाजपा की एक दशक की सबसे ब?ी उपलब्धियों में खुद भाजपा को समाप्त करना शामिल है। कांग्रेस में चाहे इंदिरा गाँधी की सरकार हो चाहे राजीव गांधी की सरकार कम से कम एक ही कद के तमाम नेता हुआ करते थे, जो एक-दूसरे को टोक सकते थे, रोक सकते थे, आँखें दिखा सकते थे। अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं लेकिन आज की सरकार में नरेंद्र मोदी के कन्धों तक पहुँचने वाला कोई नेता बचा ही नहीं है। वे अपने % कटआउट %आकार के सामने किसी भी दूसरे नेता की मौजूदगी बर्दाश्त कर ही नहीं पाए। यहां तक की मोदी जी के हनुमान गृहमंत्री शाह की परछाईं भी जी-20 के दौरान किसी को नजर नहीं आयी। एक विदेश मंत्री जयशंकर और वित्त मंत्री सीतारमन को अवश्य मोदी जी की कुर्सी के पीछे तालियां बजाते हुए जरूर देश और दुनिया ने देखा। मोदी को अपने दल के ही नहीं विपक्ष के भी कद-काठी के नेता पसंद और बर्दाश्त नहीं है। इसीलिए विदेशी मेहमानों के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज में मल्लिकार्जुन ख?गे जैसे नेताओं को आमंत्रित नहीं किया गया।**

राकेश अचल

अधजल गगरी छलक ही जाती है। भाजपा के सर पर रखी सत्ता की गगरी छलक गयी है,उसमें से आगामी चुनावों के लिए जो मुद्दे छलक कर जमीन पर गिरे हैं उन्हें देखकर आपको निराशा होगी। भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान में अपनी चतुरंग सेना लेकर उतरने को आतुर इंडिया गठबंधन की गगरी के छलकने का इन्तजार है। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के बीना में खुद अपनी पार्टी के नए चुनावी मुद्दों की बीन बजाई। उन्होंने जी-20 की सफलता और सनातन धर्म पर मंडराते कथित खतरों को लेकर जन-संसद में हाजिर होने के संकेत दे दिए हैं।

पूरे एक दशक देश की बागडोर सम्हालने वाली भाजपा के पास जनता के सामने परोसने के लिए उपलब्धियों के नाम पर जब कुछ नहीं बचा तब ऐसे मुद्दों के जरिये जंग जीतने की कोशिश की जा रही है जो दरअसल मुद्ददे हैं ही नहीं। जो असली मुद्दे थे उन्हें या तो ताक पर रख दिया गया ,या फिर उनके ऊपर धूल डाल दी गयी ,क्योंकि न तो जी-20 की कथित कामयाबी कोई मुद्दा है और न सनातन पर कोई खतरा है। असली बात है इंडिया की मौजूदगी ,जो भाजपा को भयभीत किये हुए है।किसी राज्य के एक अदने से मंत्री के सनातन विरोधी बयान को पूरे विपक्ष के माथे पर ठीकरा बनाकर फो?ने की भाजपा की मजबूरी देखकर हँसी आती है। पता नहीं कैसे भाजपा जी-20 की एक बैठक से जनता का माथा ऊंचा और सीना चौ?ा करना चाहती है ? देश में जैसे-जैसे पांच विधानसभाओं के साथ ही आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं,वैसे-वैसे भाजपा की ध?कने तेज हो रहीं है। हांथों के तोते उ?ते दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि भाजपा ने अपना पूरा समय सत्ता पर काबिज रहने के लिए बिसातें बिछाने में खर्च कर दिया। बीते एक दशक में भाजपा ने अपनी चाल,चरित्र और चेहरे में बदलाव की जो भी कोशिशें की वे % उलटे बांस बरेली %जैसी साबित हुई। भाजपा पर्याप्त बहुमत के बावजूद ऐसा कुछ हासिल नहीं कर पायी कि जिस बिना पर देश की जनता उसे बिना रोये-गि?गि?ाए हंसी-?ुशी अपना समर्थन दे दे। ये सभी सत्तारू? दलों के साथ होता है ,उनमें चाहे मोदी जैसा चमत्कारी नेता हो या न हो। कांग्रेस की एक दशक पुरानी सत्ता भी 2014 में ऐसी ही आत्ममुग्धताओं और लापरवाही की वजह से गयी थी। बात मुद्दों की की जाये तो तमिलनाडु के एक युवा मंत्री के सनातन विरोधी बयान को पूरे विपक्ष का बयान बताने में लगी सकल भाजपा दरअसल धर्म ध्वजाधारक राजनीतिक दल बनी रहना चाहती है। भाजपा शायद नहीं जानती कि उदयनिधि उस खेत की मूली भी नहीं हैं जिस खेत से दो दशकों तक अंग्रेजी सत्ता की फसल होती रही। उदयनिधि उस खेत की खरपतवार भी नहीं है जिस खेत से देश में चार-पांच सौ साल तक मुगलों ने



सत्ता की अरहर उगाई। इन दोनों के रहते जब देश का सनातन धर्म खतरे में नहीं प?ा तो एक अदने से उदयनिधि के बयान से हमारे सनातन धर्म को क्या खतरा हो सकता है ? सनातन धर्म कोई छुईमुई नहीं जो किसी के एक बयान से मुरझा जाये। उदयनिधि को तो हमारे देश की बाबा मंडली ही फूंक में उ?ा सकती है ,उसके लिए भाजपा क्यों हलकान है ? फिर भाजपा को सनातन धर्म की रक्षा का ठेका किसने दिया है ? सनातनी खुद ये काम बाखूबी कर सकते हैं। लेकिन मजबूरी का नाम भाजपा होता है। राजस्थान,छत्तीसग? और मध्यप्रदेश पहले ही 2018 में मोदी जी को खारिज कर चुके थे। भाजपा ने जैसे-तैसे विभीषणों के सहारे भाजपा में सत्ता हासिल कर ली लेकिन तीन साल बाद भी प्रदेश में भाजपा की सत्ता पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसीलिए मोदी ने मध्यप्रदेश के बीना शहर में अपना पिटारा सबसे पहले खोला और उसमें से कथित रूप से खतरे में प?ा सनातन धर्म और हजारों करो? के खर्चे से सम्पन्न जी 20 की बैठक की कामयाबी का गुब्बारा निकला। भाजपा से पहले देश में कांग्रेस के पास भी कई बार मुद्दों का अभाव होता रहा लेकिन कांग्रेस के पांच दशक के राज में न धर्म संकट में आया और न किसी बैठक को कामयाबी के तौर पर चुनावों में इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस ने 1971 में पाकिस्तान के टुक? जरूर किये ,धर्म के नहीं और उसका फायदा भी कांग्रेस को मिला। भाजपा ने भी कांग्रेस से प्रेरणा लेकर 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक की और उसका लाभ भी उठाया ,लेकिन अब सारे कारतूस चलाये जा चुके हैं।देश आगे ब? रहा है या पीछे जा रहा है इसे लेकर अब भ्रम की स्थिति है। देश में 80 करो? लोगों को दो वक्त का भोजन न मिलना मुद्दा है या जी-20 को वो बैठक जिसकी कामयाबी या विफलता से भारत के आम आदमी का कोई लेना-देना नहीं है। ऐसी बैठकें हजारों करो? रूपये खर्च करने के बजाय एक पांच सितारा होटल में आसानी से हो सकतीं थी। हुई भी है। भारत से पहले इंडोनेशिया में भी हुई। वहां की सरकार ने तो बैठक की कामयाबी को वोटों में बदलने की कोई कोशिश नहीं की। उससे पहले जिन देशों में जी-20 की बैठकें हुईं वहां न सोने-चांदी के बर्तनों की जरूरत प?ी और न किसी शहर को बेचिराग करने की जरूरत महसूस की गयी।वहां के किसी प्रधानमंत्री ने अपनी जनता से नहीं पूछा कि -माथा ऊंचा हुआ या नहीं ? सीना चौ?ा हुआ या नहीं ? सत्तारू? भाजपा के पिटारे में सरी-सर्पों के अलावा क्या और बाकी है वो भी गणेश चतुर्थी के दिन होने वाले संसद के विशेष अधिवेशन में सामने आ जाएगा। अभी तो जो सामने आया है उसे देखकर लगता है कि संसद के विशेष सत्र की कोई जरूरत थी ही नही। जिन विधेयकों को पारित करने के लिए संसद का बिना प्रश्नकाल वाला सत्र बुलाया गया है उन सभी को संसद के पिछले सत्र में ही ध्वनिमत से पारित कराया जा सकता था। ये सत्र सिर्फ तमाशे के लिए बुलाया गया लगता है। इस सत्र में हंगामे होंगे,चीखें सुनाई देंगी। अट्टहास किये जायेंगे। उपलब्धियों के ढोल बजाए जायेंगे और इस सत्र के समापन के साथ ही देश में चुनावी बिगुल बजेगा,रणभेरियों की आवाजें सुनाई देंगी।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## निशाना

### है लगता कमाल !



– कृष्णेन्द्र राय

हो गई तारीफ़ ।
है आया भूचाल ।।
पक रही कुछ खिचड़ी ।
है लगता कमाल ।।
है चुनाव बेला ।
गले रहे हैं मिल ।।
जो अपने चहेते ।
गईं बांछे खिल ।।
दूर मनमुटाव है ।
है चर्चा चहुंओर ।।
आ जाएं सरकार में ।
लगा पूरा ज़ोर ।।
है लगता स्वीकार ।
उनके अब विचार ।।
इसलिए है कम हुआ ।
करना अब प्रहार ।।

## आज का इतिहास

- **1581–** सिक्खों के चौथे गुरु सिख गुरु राम दास का निधन 19 सितंबर 1581 को हुआ।
- **1719–** भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध मुग़ल वंश के 11वें बादशाह रफ़ीउद्दौला का निधन 19 सितंबर 1719 को हुआ।
- **1893–** स्वामी विवेकानंद ने 19 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) के विश्व धर्मसंसद में ऐतिहासिक भाषण दिया।
- **1936–** हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत% के विद्वान विष्णुनारायण भातखंडे का निधन 19 सितंबर 1936 को हुआ।
- **1958–** भारतीय गायक, संगीतकार और अभिनेता लकी अली का जन्म 19 सितंबर 1958 को हुआ।
- **1962–** 19 सितंबर 1962 को भारत की उत्तरी सीमा पर में चीन द्वारा आक्रमण किया गया।
- **1965–** अंतरिक्ष एजेंसी नासा के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर 1965 को हुआ।
- **1977–** भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का जन्म 19 सितंबर 1977 को हुआ।
- **1927–** हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध और सम्मानित कवि कुंवर नारायण का जन्म 19 सितंबर 1927 को हुआ।
- **1867–** 20वीं शताब्दी के भारतीय सांस्कृतिक उन्नयन में विशेष योगदान देने वाले विद्वान श्रीपाद दामोदर सातवलेकर का जन्म 19 सितंबर 1867 को हुआ।
- **2000–** कर्नम मल्लेश्वरी ने 19 सितंबर 2000 को ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- **2008–** सर्वोच्च न्यायालय ने 19 सितंबर 2008 को छत्तीसगढ़ में नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए शुरू किए गये शलवाजुड्यूम के कार्यकर्ताओं की गतिविधियों को बंद करने का निर्देश दिया।

# रोमन में हिंदी लिखने का चलन बढ़ा, लोग भूल रहे हैं देवनागरी लिपि

भावना मासीवाल

भाषा को मजबूत बनाने में लिपि का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज हिंदी का अपना बाजार है। यह बाजार सिनेमा, विज्ञापन और प्रौद्योगिकी का है। किसी भी भाषा का बाजार पर अपनी मजबूत पक? बनाना सरल नहीं होता है। भाषा का आर्थिक, सामाजिक व भाषिक व्यवहार ही उसे बाजार की भाषा बनाता है। आज हिंदी वैश्विक बाजार की भाषा बन कर उभर रही है। मगर यह भाषा 'हिंग्लिश' है। बाजार की इस चकाचौंध में हिंदी का व्यवहारिक पक्ष तो मजबूत हुआ है लेकिन उसका भाषिक पक्ष कमजोर हुआ है। आज हिंदी को बोलने और समझने वाले लोगों की सर्वाधिक संख्या है। यही कारण भी है कि विविधताओं से भरे हमारे देश में जहां हर चार कोस में बोली-भाषा का स्वरूप बदल जाता है, वहां बहुत सी भाषा और बोलियों के मध्य 'हिंदी' ने अपना स्थान बनाया है। वह संप्रेषण और रोजगार की भाषा बनी है। हिंदी की इस मजबूत स्थिति के साथ उसका कमजोर पक्ष भी उभरा है। यह पक्ष हिंदी की लिपि का है। आज जब हम बाजार की चकाचौंध में चमकती हिंदी का गुणगान करते हैं तो उसके व्यावहारिक पक्ष को तो देखते हैं लेकिन भाषिक पक्ष को अनदेखा कर देते हैं। बाजार, सिनेमा और विज्ञापन में हिंदी और उसकी लिपि के प्रति भेदभाव की मानसिकता को नहीं देख पा रहे हैं। हिंदी की देवनागरी लिपि के प्रयोग की अपेक्षा रोमन लिपि में लिखने का चलन ब?ा है। यह चलन हिंदी के भाषिक पक्ष को कमजोर बनाता है।

अक्सर प्रश्न किया जाता है कि 'हिंदी' चूँकि संस्कृत के अधिक निकट है इस कारण भाषिक व्यवहार में कठिन शब्दों के प्रयोग के कारण युवाओं को उसे सीखने में समस्या आ रही है। दूसरा सोशल मीडिया से लेकर कंप्यूटर तक की भाषा अंग्रेजी है। इसका कारण भाषा की संप्रेषणीयता है। वहीं अंग्रेजी के प्रति इस तरह की धारणा सुनने को नहीं मिलती है। चूँकि वह भाषा हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में अधिक सक्षम है तो हम हिंदी भाषी होने के बावजूद अन्य भाषा को सीखकर उस पर पूर्णत~ अधिकार प्राप्त कर लेते हैं और वह हमारे विद्यालयी पाठ्यक्रम में अनिवार्य भाषा के रूप में प?ी-पढाई जा रही है। वहीं हम 'हिंदी' के प्रति संस्कृत से उसकी निकटता के कारण कठिनाई का आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे हैं। भाषा कोई भी कठिन व सरल नहीं होती है। यह हमारी मानसिकता है जिसने इसे दो खेमों में विभाजित किया है। इसी ने अंग्रेजी को उपयोगी व सरल बताया और हिंदी को दुरुहता की श्रेणी में डाल दिया। देवनागरी लिपि की ही बात करें तो यह जितनी सरल और वैज्ञानिक सम्मत है, वह वैज्ञानिकता अन्य भाषाओं की लिपियों में नहीं मिलती है। हिंदी की देवनागरी लिपि में एक ध्वनि के लिए एक ही चिन्ह का प्रयोग होता है जो रोमन लिपि में नहीं है।




यहां एक ही ध्वनि 'क' के लिए 'सी', 'के', 'क्यू' का प्रयोग होता है। इस कारण अंग्रेजी भाषा की रोमन लिपि को सीखते समय उसके उच्चारण क्रम में एक ही वर्ण के प्रयोग के साथ शब्दों के अलग-अलग उच्चारण क्रम को भी सीखना प?ता है। लेकिन अंग्रेजी भाषा के प्रति प्रेम व सीखने की ललक उस लिपि के प्रत्येक पक्ष को सीखने में सहायक बनता है।

मेरा संदर्भ यहाँ किसी भाषा को श्रेष्ठ व कमत्तर बताना नहीं है बल्कि हिंदी भाषा के प्रति हमारी संकुचित दृष्टि को जानना है। आज हिंदी की देवनागरी लिपि की उपेक्षा हो रही है और रोमन लिपि में हिंदी लिखने का चलन ब?ा है। हिंदी सिनेमा, टी.वी सीरियल्स से लेकर विज्ञापन तक में काम करने वाले लोगो में यदि सर्वे करवाया जाए तो बहुत कम लोग मिलेंगे जो प?ते व लिखते समय हिंदी की देवनागरी लिपि का प्रयोग करते हैं।भाषा के विकास में केवल उसका व्यवहारिक पक्ष ही कारगर नहीं होता है बल्कि उसका भाषिक प्रयोगात्मक पक्ष भी अनिवार्य होता है। आप एक को लेकर दूसरे को छो? नहीं सकते हैं। हिंदी के भाषिक प्रयोग के लिए देवनागरी लिपि की अपेक्षा रोमन लिपि के ब?ते चलन ने एक वर्ग को भारतीय भाषाओं के साहित्य से दूर कर दिया है।

आज भारतीय साहित्य हिंदी की अपेक्षा अंग्रेजी भाषा में अधिक प?ा जा रहा है। कुछ भारतीय दिमाग में अंग्रेजी सोच रखने वाले लोग हिंदी को देवनागरी लिपि में लिखने की अपेक्षा रोमन लिपि में लिखने की व?ालत करते रहे हैं। लिपि जो भाषा की प्राणतत्व है जो भाषा को स्थायीत्व व संग्रहणीय बनाती है, यह कैसे हो सकता है कि आप उसके एक पक्ष को अपनाए और दूसरे को छो? दे। आज हिंदी भाषा की मूल समस्या उसके व्यवहारिक प्रयोग की नहीं है। बावजूद इसके हिंदी की सबसे ब?ी समस्या उसके लिपिगत प्रयोग से है। किसी भाषा की मूल लिपि के प्रयोग की अपेक्षा सरलता के क्रम में रोमन लिपि का ब?ता प्रचलन किसी भी भाषा के लिए हितकर नहीं है।

भाषा ज्ञान के रास्ते खोलती है तो वहीं लिपि उस ज्ञान को स्थायी व संग्रहणीय बनाती है। आज के दौर में कठिनता से सरलता के प्रवाह में देवनागरी लिपि का स्थान रोमन लिपि ले रही है। सरलता के इस प्रवाह में हम भाषा के मूल व्यवहार व उसकी संरचना को अनदेखा कर देते हैं। हमारा समाज बहुभाषी है। हमारी अपनी ही बहुत सी बोली, भाषाएँ और लिपियां है। इसके बावजूद हमारे देश में देवनागरी लिपि की अपेक्षा रोमन लिपि का प्रयोग सर्वाधिक हो रहा है। यहाँ तक की हिंदी भाषा का भाषिक व्यवहार भी देवनागरी लिपि की अपेक्षा रोमन लिपि में किये जाने पर ?ौर दिया जाने लगा है।

एक ओर हम भारतीय भाषाओं, बोलियों व लिपियों को पुन~जीवंत बनाने व उनके शैक्षिक व साहित्यिक योगदान को मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हमारी राजभाषा व राष्ट्रभाषा हिंदी को देवनागरी लिपि में लिखे जाने की अपेक्षा रोमन लिपि में लिखे जाने की बहस चल रही है। ऐसे में हमारी बोलियाँ व भाषाएं अपना अस्तित्व ही खो देगी क्योंकि वह लिपि ही है जो किसी भाषा को स्थायी, सजीव व संग्रहणीय बनाती है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

# अतिवर्षा प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित समयसीमा की बैठक में सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अतिवर्षा के कारण आंशिक और पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के प्रकरण तैयार कर प्रभावितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने एमपीआरडीसी ,पीडब्ल्यूडी, एनएच, पीएमजीएसवाई को क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल पुलियों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि विगत दिनों हुई भारी वर्षा के कारण किसी प्रकार का गंभीर नुकसान नहीं हुआ है।

बैठक में कलेक्टर ने मतदाता सूची के आवेदनों के निराकरण की भी विधानसभावार समीक्षा की। उन्होंने 11 सितंबर तक प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के प्राप्त आवेदनों का भी शत प्रतिशत निराकरण कराएं। ताकि शुद्ध मतदाता सूची तैयार हो सके। उन्होंने मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का भी प्रभावी ढंग से आयोजन करने के निर्देश दिए।

### क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल पुलियाओं के शीघ्र मरम्मत की जाए



उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की गैस कनेक्शनधारी महिलाओं को 450 रूपये में गैस सिलेंडर प्रदाय योजना में पंजीयन की जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने कैंप लगाकर हितग्राहियों के पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना की भी समीक्षा कर पात्र महिलाओं के पंजीयन किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ह ने कहा कि अब ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम 21 सितंबर को किया जाएगा। जिले के प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्माण विभाग अंतर्गत विभिन्न प्रगतिरत एवं अप्रारंभ विकास कार्यों की समीक्षा कर अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यार्थियों के आधार और समग्र आईडी बनाएं जाए। ताकि बच्चों की एजुकेशन पोर्टल पर एंट्री की जा सकें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धारणाधिकार योजना और मुख्यमंत्री भू अधिकार आवास योजना की भी समीक्षा कर

### मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाएं

प्राप्त आवेदनों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन पंजीयन के प्रकरणों की भी समीक्षा कर कम प्रगति वाले सीएमओ और सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान देने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का भी गंभीरतापूर्वक निराकरण करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस एस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना



**सिवनी मालवा,दोपहर मेट्रो**

यूं ही नहीं कहते हैं कि एमपी अजब हैएएमपी गजब हैएउसके पीछे कई सबब है ऐसा ही एक मामला सिवनी मालवा तहसील मुख्यालय के पास ग्राम डेठी के पर हरदा होशंगाबाद मुख्य मार्ग पर देखने को मिला।

क्षेत्र मे शुक्रवार के दिन हुई तेज बारिश और हवा आंधी के कारण कई पेड़ गिर गए।

वही इस मुख मार्ग पर अअ केवी की लाइन के ऊपर भी एक पेड़ गिर गया था इस पेड़ से खंबा टूट के नीचे धराशाई हो गया विद्युत वितरण कंपनी के लोगों ने इस खंबे की जगह इस पेड़ की बेली को ही खम्बा बनाकर लगा दिया। आज पांच रोज हो गए इसके बाद भी उनकी यह देसी जुगाड़ कायम हैए ना तो इन्होंने वहां पर खंबा लगाया।

अअ केवी की लाइन इतनी खतरनाक है कि उसके संपर्क में आने से तत्काल मृत्यु हो जाती है लेकिन लापरवाही की चरम सीमा हर सरहद पार कर जाना सिवनी मालवा में आम सी बात है। अगर इस स्थिति में कोई दुर्घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेदार क्या विद्युत वितरण कंपनी की होगी।

# मतदाता सूची में मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता मिले तो सख्त कार्रवाई



**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ आज ऑनलाइन बैठक की और विधानसभा निर्वाचन 202× की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान राजन ने कहा कि 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद से मतदाता सूची में किसी भी मृत या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता का नाम नहीं होना चाहिए। यदि किसी बीएलओ की मतदाता सूची में मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता पाए जाते हैं तो संबंधित बीएलओ, ईआरओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जो?ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए आवेदनों का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-202× अंतर्गत 2 अगस्त से 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जो?ने, हटाने और संशोधन के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन प्राप्त हुए। जिसका समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा। इस दौरान सेक्टर अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जाएगी।



# निशुल्क चिकित्सा शिविर

**करेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विधायक जालम सिंह पटेल के मार्गदर्शन में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सौजन्य से करेली में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर का आज दूसरे दिन समापन हुआ कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया इस अवसर पर मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार सिंह पटेल ने कहा हमारा प्रयास है की हमारे जिले में कोई भी मरीज इलाज के अभाव में ना रहे जिसके लिए हमारे प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर सेवा सप्ताह के रूप में हमने इस शिविर का आयोजन किया जिसमे हमारे जिले के 11×92 लोगो से स्वास्थ परिक्षण कराया और ×74 मरीज जिनका आगे का इलाज भोपाल में होगा वह भी हमारे फाउंडेशन की ओर से निशुल्क होगा इसके पहले हमने दमोह में गोटेगांव में स्वास्थ एवं केरपानी में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया इस मौके पर पीपुल्स विश्व विद्यालय के डायरेक्टर रोहित पंडित ने कहा कि ऐसे शिविरों से उन लोगो तक इलाज पहुंच जाता है जो कही ना कही पैसे या सुविधाओ के अभाव में इलाज नहीं करा पाते उन्होंने पीपुल्स हॉस्पिटल को अपना सहयोगी बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर की पति की लंबी उम्र की कामना

**सिवनी मालवा,दोपहर मेट्रो**

गणेश चतुर्थी के एक रोज पहले पढ़ने वाली हरतालिका तीज को पूरे प्रदेश सहित देश में मनाई जाती है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र के साथ.साथ यस वैभव और सुख शांति की कामना के साथ व्रत रखती हैं। इसी के चलते स्टेट बैंक कॉलोनी की महिलाओं ने भोलेनाथ का व्रत उपवास तीज को बड़े ही धूमधाम और हर्ष उल्लास से पूजन अर्चन



भजन कीर्तन के साथ भोलेनाथ का अभिषेक किया। भगवान शंकर से सभी बहनों ने स्वस्थ रहने की कामना की इस अवसर पर श्रीमती अनीता अवस्थीएश्रीमती अर्चना मिश्राएआशा मिश्राएरेखा अवस्थीए श्रीमती ललिता चंदेलए श्रीमती भारती चंदेलए श्रीमती शकुन चंदेलए श्रीमती अंजू चंदेलए श्रीमती पूजा चंदेलए श्रीमती शशि चंदेलए श्रीमती उषा अग्रवालए श्रीमती संध्या रघुवंशीएसीमा ठाकुरए काजल गुप्ताएसीमा गुप्ताएविमल तोमरए सोनम यदुवंसीएमोना पांडेएपिंकी सराठे सहित अन्य महिलाएं उपस्थित।

# सहकारी बैंक किसानों व ग्राहकों को बेहतर सेवाएं दें : कलेक्टर

**सीहोर दोपहर मेट्रो**

जिला सहकारी बैंक सीहोर की सभी शाखाएं और इससे जुड़ी सहकारी समितियां किसानों के हित में अच्छा काम कर रही है और प्रदेश व केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाने में सफल रही है। जिला सहकारी बैंक किसानों और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सहकारिता के अर्थ को सार्थक करें।

यह बात कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिला सहकारी केन्द्रीय



बैंक की 41 वीं वार्षिक साधारण सभा में कही। इस अवसर पर बैंक की ओर से अमानत वृद्धि एवं ऋण वसूली तथा वितरण में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियोंण्कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान समय में चल रही चुनौतियों का सामना करते हुए जिला सहकारी बैंक अपने ग्राहकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करें और लगातार आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर रहते हुए किसानों और ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमाए जीवन ज्योति बीमाए लाडली बहना योजना जैसी अनेक जनहितकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिला सहकारी बैंक द्वारा इन योजनाओं का लाभ नागरिकों तक सुलभता से पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही बैंक द्वारा किसानों का फसल खरीदी भुगतान भी त्वरित किया जाता है। उन्होंने सहकारी बैंक के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी अधिकारीण्कर्मचारियों की सराहना की।

**मेट्रो एंकर** युवा उत्सव पाठ्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत आता है: प्राचार्य

# कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन

**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन किया गया। युवा उत्सव के समापन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे, युवा उत्सव प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. बाऊ पटेल ने मंच पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की । मां सरस्वती की पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात कार्यक्रम किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने अपने भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह उत्सव पाठ्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत आता है इस युवा उत्सव में 22 विधाएं संचालित हुई । यह विधाएं नियमों से बंधी हुई है । यह नियम हमें पाश्चात्य संस्कृति से दूर हमें अपनी गरिमामयी संस्कृति से जोड़ेगा युवा उत्सव की प्रतियोगिता आपके आंतरिक गुणों का मूल्यांकन करती है, हमें विधाओं के नियमों का पालन करना चाहिए । युवा उत्सव के पहले दिन रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता, क्ले मोडलिंग, कार्टून निर्माण, कोलाज आदि विधाएँ आयोजित हुई, पहले दिन दुसरे दिन प्रश्न मंच, वाद-विवाद तथा वक्तृता तथा



तृतीय दिवस नाटक, एकल नृत्य, समूह नृत्य, लोक नृत्य, गायन आदि का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की । डॉ. धुर्वे ने छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं कहा कि प्रयत्नशील लोग ही सफलता के शिखर पर पहुंचते हैं। यह एक ऐसा मंच है जिसमें अपनी कला का प्रदर्शन कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं । युवा उत्सव प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि युवा उत्सव शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का बहु आयामी उत्सव है। यह हमें हमारी संस्कृति एवं परंपरा से पुनः जोड़ने का प्रयास है यहां हमारे कार्य कुशलता प्रतिबद्धता एवं समन्वय कौशल को विकसित करता है महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्राएं अगले स्तर पर सहभागिता करेंगी। डॉ. बाऊ पटेल ने छात्राओं को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें आशा ही नहीं पति पूर्ण विश्वास है कि आप नर्मदापुरम जिले एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित कराएंगी। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने युवा उत्सव की 22 विधाओं के विजेताओं के नाम घोषित किये जिन्हें प्राचार्य तथा विधा प्रभारियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महक जाट रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम संजू केवट, कोलाज विधा में प्रथम वर्षा उइके, कार्टून विधा में प्रथम ललिता पाल, स्पॉट पेंटिंग में प्रथम राधिका, एकल नृत्य में प्रथम किरन भिलाला, प्रश्न मंच में प्रथम रंजीता एवं समूह, वाद- विवाद में प्रथम रंजीता यदुवंशी एवं महक जाट, भाषण में प्रथम तुलसी वर्मा ने प्राप्त किया। युवा उत्सव के समापन सत्र में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, स्टॉफ तथा भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



### नगर पालिका ने गंदगी छुपाने के लिए लगाई नेट

# लाड़ली बहना गरीब कल्याण की अनूठी युक्ति असम में भी लागू करेंगे : हिमंता बिस्वा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

भारत देश मे गरीब कल्याण की कोई सबसे बड़ी स्किम शुरू हुई है तो वह मध्यप्रदेश में लाडली बहन योजना के रूप में हुई है । मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह की सरकार डेढ़ करोड़ महिलाओं को हर महीने 1250-1250 रु दे रही है जिसे तीन हजार रु प्रतिमाह देने का लक्ष्य शिवराजसिंह ने तय किया है। मैंने भी शिवराज जी से कहा है कि हमें भी इस योजना के लागू करने के तरीके बताओ जिससे कि हम हमारे असम प्रदेश की बहनों को लाभ दे सकें। यह बात असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा सिरोंज में आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा में आयोजित आमसभा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की महिलाएं आत्म निर्भर ओर शिक्षित हो रही है। मध्यप्रदेश में गैस सिलेंडर भी 900 की जगह 450 रु में प्रदान किया जा रहा है गरीब कल्याण का ऐसा काम देश मे कही नही हुआ है। 22 में साल कांग्रेस में रहा दिग्विजयसिंह की सरकार में मध्यप्रदेश आने का मौका भी मिला था यहाँ की सड़कों में गड्ढे थे लाइट जाती नही थी बल्कि आती ही नही थी।

आज भाजपा सरकार में मध्यप्रदेश देश के विकसित राज्यो की श्रेणी में आ गया है। यह देश का ऐसा पहला ऐसा राज्य है जो मेडिकल ओर इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में करवा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातनी परंपरा के अनुसार हम कोई भी कार्य प्रारम्भ करते है तो माता पिता का आशीर्वाद लेकर शुरू करते है। और जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हम यही कर रहे हैं जबकी कमलनाथ और दिग्विजयसिंह जन आक्रोश यात्रा निकाल रहें है हकीकत में यह आक्रोश केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में सफ्ल जनकल्याण की नीतियों के प्रति खुद का आक्रोश है ओर आप सभी का उत्साह देखकर यह स्पष्ट दिख रहा है कि जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है । आज मध्यप्रदेश में महिलाओं का सम्मान उनके परिवारों में तीन गुना बढ़ गया है।








हेलीकॉप्टर से आकर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे सभा स्थल पहुँचे हिमंता बिस्वा की आगवानी हजारों की सँख्या में सभा मे उपस्थित लाड़ली बहना कर रही थी ऐसे में उनके स्वागत ओर अपनेपन से अभिभूत मुख्यमंत्री सुरक्षा घेरे को तोड़कर इन महिलाओं के बीच जा पहुँचे और कुशलक्षेम पूछ आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके सम्मान में उपस्थित जनसमुदाय से शेर आया शेर आया के नारे भी लगे।

उमाकांत जी है जनता के सच्चे सेवक - आमसभा के दौरान असम के सीएम क्षेत्रीय विधायक उमाकान्त शर्मा की कार्यशैली से खासे प्रभावित दिखाई दिए । उन्होंने कहा कि में उमाकांत जी का भाषण सुनकर अत्यंत प्रभावित हूँ ओर उनको स्टार प्रचारक के रूप में आसाम लेकर जाऊँगा। वह जनता ओर कार्यकर्ताओं के दिल की बात करते है। में अगर चाहूं तो भी उनके जैसा नही बोल सकता। आप ऐसे नेता को कभी नही छोड़ें और हमेशा आंगे लेकर जाएं। आपने पिछली बार उन्हें जितने वोटों से जिताया इस बार उससे भी अधिक वोटों से जिताकर शिवराजसिंह को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी माता बहिनों से असम में स्थित माँ कामाख्या शक्तिपीठ ओर दर्शन करने का न्यौता भी दिया।

आमसभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री राम खेलावन पटेल ने कहा कि शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश हर क्षेत्र में विकास कर रहा है । जनकल्याण की अनेको योजनाएँ प्रदेश सरकार ने प्रारम्भ की है चाहे वह लाडली बहना, किसान सम्मान निधि हो या गाँवों के हित मे सीखो कमाओ योजना हो ।

स्वागत भाषण देते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि हिमंता बिस्वा शर्मा भारत की सनातन हिन्दू संस्कृति के गौरव है । आज उनके यहाँ आने से हम सभी कार्यकर्ताओं को आत्मबल मिला है प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह एवं आपके बेटा पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मीकांत ने क्षेत्र के विकास के लिए अनेकों योजनाओं की सौगातें दी है। हम सब मिलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने में जुटे हुए है। इसके पूर्व भाजपा के स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा ने मंच से क्षेत्र की जनता जनार्दन की ओर से मुख्यमंत्री बिस्वा का केसरिया शॉल के साथ कमल के फूल की माला पहनाकर हनुमान जी की गदा भेंट कर सम्मान किया। आमसभा का संचालन शिवकुमार भार्गव ने किया । इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश से यात्रा प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताबन्धु एवं भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

लाडली बहनों ने किया रोड़ शो का स्वागत - कार्यक्रम के उपरांत प्रदेश सरकार के मंत्री राम खिलावन पटेल,यात्रा प्रभारी रणवीर रावत एवं विधायक उमाकान्त शर्मा जनआशीर्वाद यात्रा में चल रहे रथ में सवार हुए। रथ के आंगे भाजपा कार्यकर्ता भगवा झंडों के साथ पार्टी के ध्वज लेकर ढोल बाजों के साथ नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। विधानसभा के जनआशीर्वाद यात्रा प्रभारी रमेश यादव ने यात्रा को बसस्टेंड से प्रारम्भ किया। इस दौरान मार्ग में लाडली बहनाओं सहित नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मंशापूर्ण मंदिर पर पहुँचकर विधायक उमाकांत शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए इस यात्रा को शमशाबाद विधानसभा की ओर रवाना किया।

**असम के मुख्यमंत्री ने किया जनआशीर्वाद यात्रा की आमसभा को संबोधित - लाडली बहनों के बीच पहुँच लिया आशीर्वाद**

#### नगर पालिका ने गंदगी छुपाने के लिए लगाई नेट

नगर पालिका परिषद का के हाल इतने ज्यादा बिगड़ गए है कि अधिकांश अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा अपने काम को गंभीरता से नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं अधिकांश लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ है दूसरी ओर शहर की साफसफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से चौपट हो गई है मुख्य सड़कों से लेकर शहर की कई छोटी-मोटी गलियों में तो कई दिनों तक साफसफाई भी नहीं होती है। जब मुख्य सड़कों पर ही गंदगी की अंबार लगे रहते हैं ।वहीं सोमवार को असम के सीएम की सभा बस स्टैंड के पास में एक निजी गार्डन में थी जहां पर जाने के लिए जो नाला निकला है उसमें गांदी का अंबा लगा हुआ है वह गंदगी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए सीएम को ना दिखे जिसके लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा नेट लगाकर इस को ढकने का काम किया जिसका वीडियो बनाकर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर डालते हुए कह रहे हैं की नाकामी छुपाने के लिए लगे नेट ।

# विघ्नहर्ता की होगी उपासना मूर्तियां लेने लगी रही भीड़

**देर शाम से लेकर, आज भी होगी स्थापना**



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रिद्धि सिद्धि के दाता को घर-घर में विराजमान करके 9 दिनों तक आराधना की जाएगी साथ नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी बड़ी संख्या में झांकियां लगाई जाएगी जहां पर गणपति बप्पा की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ सुबह-शाम आरती होगी कई जगह झांकी संचालकों के द्वारा भक्ति भाव से ओतप्रोत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सोमवार को दोपहर के बाद प्रतिमाओं को स्थापित करने के लिए लेने के लिए मूर्तिकारों के यहां पर लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही जहां पर मिट्टी से बनी प्रतिमा बहुत कम संख्या में थी अधिकांश जगह पीपीओ की प्रतिमा ही दिखाई दे रही थी मिट्टी की प्रतिमाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन के द्वारा समय रहते कदम नहीं उठाया उसकी वजह से मिट्टी की प्रतिमा ज्यादा संख्या में नहीं बनती है मजबूरी में श्रद्धालुओं को इन्हीं को खरीदना पड़ता है । वहीं देर शाम से लेकर आज सुबह घाट पूजन के बाद झांकियां पर स्थापना होगी घर में भी विघ्नहर्ता की विधि विधान से स्थापना के बाद पूजा अर्चना श्रद्धालुओं के द्वारा की जाएगी नौ दिनों तक आराधना का दौर चलता पिछले कुछ दिनों से ही झांकियां पर विशेष तैयारी की जा रही थी कई जगह छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भी झांकियां लगाकर उत्साह के साथ गणेश उत्सव मनाए जाएंगे। गणेश की अस्थाई पर भी प्रतिदिन गणपति बप्पा की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ धार्मिक और संस्कृत कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### पुलिस का खुफिया तंत्र हुआ फेल

# थाने के पास असम सीएम के काफिले को युवा कांग्रेस ने दिखाएं काले झंडे

**13 पर 151 करवाई, भरवाया 6 महीने के बंड पर छोड़ा**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

असम के सीएम के आने की जानकारी के साथ कांग्रेसी कर सकते हैं विरोध की सूचना थी इसके बाद भी पुलिस उनके विरोध को पूरी तरह से बाप नहीं पाई गुप्तचर विभाग भी पूरी तरह से विफ्ल रहा और थाने के पास में ही युवा कांग्रेस ने काले झंडे दिखाने का काम असम की सीएम के काफिले को किया इससे पुलिस की चूक भी देखने को मिली भी । सोमवार को दोपहर 12 के बाद असम के सीएम हेमंत विस्वा शर्मा का काफिले लटेरी रोड से गुजर तो युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र बघेल के साथ कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने थाने से थोड़े पहले आगे काले झंडे दिखाकर सिरोंज आने पर विरोध करते हुए वापस जाओ वापस जाओ के नारे लगाए उनका काफिला निकल गया पीछे से एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी आए उन्होंने एकदम से विरोध कर रहे कांग्रेसियों को पड़कर अपनी गाड़ी में बैठकर थाने भिजवाया। इससे पहले यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अतीक मंसूरी के साथ कार्यकर्ता भी काले झंडे दिखाने की तैयारी में थे । उनको पहले ही पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने में बिठा दिया था इसकी वजह से यह लोग अपना विरोध नहीं कर पाए सभी 13 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर धारा 151 के तहत पुलिस ने कार्रवाई करके एसडीएम न्यायालय में पेश किया जहां पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने 7 बजे के बाद एक लाख मुचलके तथा 6 महीने का बंड भरवाने के बाद ही इनको जमानत पर छोड़ा अब यह कार्यकर्ता 6 महीने तक इस तरह का विरोध प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे यदि करते हैं तो इनको जेल भेजने की कार्रवाई होगी। पर पुलिस पहले ही विरोध करने वालों को हिरासत में ले लेती थी इस बार सफल नहीं हो पाई कांग्रेसियों ने पुलिस को भी मात देकर अपनी रणनीति पर काम किया जिसमें वह सफल भी हुए।

# थाना पथरिया पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ पर कार्यवाही ब्राउन शुगर सहित आरोपी गिरफ्तार




**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक विदिशा दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय एवं परिवहन की विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के निर्देशन में एवं एसडीओपी मनीष राज कुरवाई के मार्गदर्शन में पुलिस थाना पथरिया द्वारा अवैघ मादक पदार्थ का परिवहन करने एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु थाना पथरिया में एक टीम गठित की गई, दिनांक 17.09.2023 की रात्रि में मूखबीर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति ब्राउन शुगर रखकर मोटरसाइकिल से सिरोंज से पथरिया होकर मेहलुआ चौराहा तरफजाने वाला है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के.पवांर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद शाहिद खान, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र शर्मा, आरक्षक अंकुश जाट, आरक्षक सुभेन्द्र चौहान, आरक्षक प्रवीण शर्मा, आरक्षक कपिल शर्मा द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम शाहपुर के पुलिया के पास एक आरोपी मुकेश यादव पिता प्रेम सिंह यादव उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम रजोदा को मोटरसाइकिल से आते समय पकड़ा।

### जन आक्रोश यात्राओं से प्रदेश में आएगा परिवर्तन

# शिवराज हटाओ प्रदेश बचाओ का नारा होगा बुंलद: विनोद सेन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव व केश शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद सेन कहा है की मध्यप्रदेश के सरफ्रोश पूरे जोश से जन आक्रोश को आवाज देने 11,000 किमी की यात्रा पर कर रहे हैं कूच 18 सालों की प्रदेश की बदहाली और बर्बादी का जनता में शिवराज राज के खिलाफजो असंतोष था, वो अब ÷जन आक्रोश÷ में तब्दील हो गया है। समूचे मध्यप्रदेश में चारो ओर भयंकर अराजकता, अपराध, भय, भ्रष्टाचार और लूट की खुली छूट है। आदिवासी, किसान, दलित ,बेटियाँ, बच्चे, पिछड़े , मजदूर,नौजवान सबकी जबान पर बस एक ही बात है, शिवराज हटाओ प्रदेश बचाओ। आज मध्यप्रदेश के कोने - कोने से कानों में जन आक्रोश का स्वर सुनाई दे रहा है। बस जनता की इसी आवाज को सुनकर हम श्जनाक्रोश यात्राश् का आगाज कर रहे हैं। जहाँ शिवराज राज के खिलाफजनता में आक्रोश है तो दूसरी ओर कांग्रेस व कमलनाथ जी के प्रति जनता में जोश दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश की जनता में भयंकर जन आक्रोश इसलिए व्याप्त हुआ ? क्योंकि शिवराज राज ने पहले तो किसानों की आमदनी कम कर दी और फिर फसलों के दाम मांगने पर उनके सीने में गोलियां उतार दी। युवाओं के भविष्य को व्यापम और पटवारी परीक्षा घोटाले की भेंट चढ़ाकर उनके भविष्य की हत्या कर दी, क्योंकि हमारे आदिवासी भाइयों के मुँह पर भाजपा नेता द्वारा पेशाब करके न सिर्फउन्हें अपमानित किया गया बल्कि उनके 3 लाख 22 हजार आवास के पट्टे निरस्त करके उन्हें दरबदर भी कर दिया गया । क्योंकि पोषण आहार घोटाला करके कुपोषित बच्चों के निवाले पर डाका डाला गया।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के प्रचारण्प्रसार के लिए निकाली टार्च रिले



**सीहोर दोपहर मेट्रो**

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 के तहत जिले के चारो विकासखण्डों में एवं जिला स्तर पर 18 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में खेलो एमपी यूथ गेम्स के प्रचारण्प्रसार के लिए टार्च रिले निकाली गई। यह टार्च रिले भोपाल से प्रारंभ होकर दोपहर सीहोर पहुंची। सीहोर में आवासीय खेलकूद संस्थान में जिला प्रशासन के अधिकारियोंए खेल संघो के पदाधिकारियोंए पीटीआई एवं खिलाडियों द्वारा टार्च रिले का स्वागत किया गया। टार्च रिले आवासीय होते हुए चर्च ग्राउंड पहुंचीए जहां नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा टार्च रिले का पुष्प गुच्छ भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सीहोर से टार्च रिले ने देवास जिले के लिए प्रस्थान किया। सीहोर में टार्च रिले में जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अरविंद इलियाजरए जिला क्रीडा अधिकारी भरतलाल शर्माए आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य श्री आलोक शर्मा सहित अनेक खिलाड़ी शामिल हुए।

**संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**
**0755-2772262**

क्रमांक 9539/ औषधि शाखा / 2023-24/ भोपाल, दिनांक 12/09/2023

**निविदा सूचना**

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से एलौपेथिक औषधि हेतु e-procurement प्रणाली Portal http :\ mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | विवरण | निविदा जारी करने का दिनांक | निविदा राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र जमा करने का अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| MPDAH NIT 177/23 | राज्य स्तरीय संस्थाओं के उपयोग हेतु ई- टेण्डर के माध्यम से एलौपेथिक औषधि हेतु निर्माता फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माता फर्म का टर्न ओव्हर रु. 5.00 करोड़ वित्तीय वर्ष 2022-23 का होना अनिवार्य है। | 22-09 2023 | 1000+ Processing Fees | रुपये 1.00 लाख की धरोहर राशि ऑनलाईन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है | 6-11-2023 शाम 5 :30 तक |

1. निविदा प्रपत्र उपर वर्णित वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य 45.00 करोड़ है।
3. निविदा में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में उक्त संशोधन www.mptenders.gov.in तथा http :\\ w.w.w.mpdah.gov.in अपलोड किया जाएगा।

संचालक
पशुपालन एवं डेयरी
मध्यप्रदेश भोपाल

G-19896/ 23

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय गीतांजलि कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, भोपाल**

Website-www.mp.gov.in/highereducation/ggcbpl-Ph No. 0755-2733166, 2733266
Fax-735266 E-mail: hegggpgcbho@mp.gov.in

पत्र क्रमांक - 1497/शागीकस्नामभा/स्था./23 भोपाल, दिनांक -09.09.2023

**NOTICE INVITING E-TENDER**

| S. No | Systems Tender No. | Name or work | EMD & Tender Form Cost | Completi on Periond (In Months) | Date of Purchase & Bids/ Submission of Bid | Submission of Technical Bid in Office (Envelop A) | Date of Opening Technical Bid (Envelop A) | Financial Bid (Envelop C) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_HED_3 06414 | Sports Item (2023-24) | EMD-10000/- Tender Fee-1000/- | 12 Months | 18.09.23 10.30 Hrs. to 09.10.23 17.30 Hrs. | 11.10.23 Officer Hours | 14.10.23 12.00 Hrs. at Office | Shall be inform After Technical Evaluation |

Interest bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in The bid document can be purchased only from 18-09-2023 at 10.30 Hrs. to 09-10-2023 til 17.30 Hrs. Amendments to NIT, if any would be published on website only, and not in newspaper
Visit us: www.mphighereducation.nic in/ggcbpl
E-mail: hegggpgcbho@mp.gov.in

प्राचार्य
शा.गी.क. स्ना. महाविद्यालय
भोपाल (म.प्र.)

G-19865/23

# चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक एशियन गेम्स होंगे

**हांगझोउ, एजेंसी**

चीन के हांगझोउ शहर में इस साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक एशियन गेम्स होंगे। 4 साल में एक बार होने वाले एशियन गेम्स में इस बार फिर क्रिकेट को शामिल किया गया है। विमेंस कैटेगरी के मैच आज से शुरू हो चुके हैं। टीम इंडिया 21 सितंबर को सीधे क्वार्टर फाइनल खेलेगी। जबकि मेंस इवेंट के क्वार्टर फाइनल अक्टूबर में शुरू होंगे। क्रिकेट आखिरी बार 2014 में एशियन गेम्स का हिस्सा था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पहली बार ही एशियाड में अपनी टीमें भेज रहा है। पुरुष टीम की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड और महिला टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर को मिली है।

## एशियन गेम्स में क्रिकेट आज से

विमेंस इवेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें सीधे क्वार्टरफाइनल खेलेंगी, जबकि बाकी 4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। इंडोनेशिया और मंगोलिया ग्रुप-ए में हैं। दोनों के बीच एक मैच होगा, इसे जीतने वाली टीम ए-1 होगी। ग्रुप-बी में हॉन्गकॉन्ग और मलेशिया के बीच मुकाबला होगा। इसे जीतने वाली टीम बी-1 कहलाएगी। ग्रुप स्टेज में हारने वाली टीमों के बीच 20 सितंबर को एक मैच होगा। इसे हारने वाली टीम भारत के खिलाफ मैच खेलेगी, जबकि जीतने वाली टीम का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। एशियन गेम्स में कई इवेंट के क्वालिफायर मुकाबले 23 सितंबर से पहले ही शुरू हो रहे हैं। इसीलिए विमेंस क्रिकेट के क्वालिफायर मुकाबले भी 19 सितंबर से शुरू किए जा रहे हैं। आज इंडोनेशिया और मंगोलिया के बीच सुबह 6ः30 बजे पहला मैच शुरू हुआ। हॉन्ग कॉन्ग और मलेशिया के बीच आज का दूसरा मैच दोपहर 11ः30 बजे से खेला जाएगा। विमेंस क्रिकेट का फाइनल मुकाबला 25 सितंबर को खेला जाएगा।




## एशियाड में पहली बार क्रिकेट

एशियन गेम्स 1951 से खेले जा रहे हैं। लेकिन क्रिकेट को एंट्री 2010 में मिली। तब ग्वांगझू में पहली बार क्रिकेट खेला गया था। 2014 में इंचियोन एशियन गेम्स में भी क्रिकेट शामिल था, लेकिन 2018 के जकार्ता गेम्स में इवेंट को एंट्री नहीं मिली। अब 9 साल बाद हांगझोऊ एशियन गेम्स में क्रिकेट को फिर एंट्री मिली है। इंडिया विमेंस टीम क्वार्टरफाइनल में अपना पहला मैच 21 सितंबर को खेलेगी। इसी दिन पाकिस्तान का भी मुकाबला होगा। 22 सितंबर को श्रीलंका का मुकाबला बी-1 टीम से होगा, जबकि बांग्लादेश का क्वार्टरफाइनल ए-1 टीम से होगा। 23 सितंबर को एशियन गेम्स का ओपनिंग डे है, इस दिन कोई मुकाबले नहीं होंगे। 24 सितंबर को 2 सेमीफाइनल होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया सीरीज में रोहित, हार्दिक और कोहली को आराम

# सीरीज का पहला मुकाबला 22 सितंबर को मोहाली के पीसीए स्टेडियम में होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए सोमवार शाम टीम इंडिया का ऐलान किया गया। कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम घोषित की। शुरुआती 2 वनडे में केएल राहुल कप्तानी करेंगे। वर्ल्ड कप टीम के 5 खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को आराम दिया है। अक्षर इंजरी के कारण शुरुआती 2 वनडे नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर दोनों को टीम में जगह दी गई है। तीसरे वनडे में सभी सीनियर खिलाड़ी वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच वर्ल्ड कप से पहले 3 वनडे की सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला 22 सितंबर को मोहाली के पीसीए स्टेडियम में होगा।



### मैच में इंजर्ड हो गए थे अक्षर

लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की जगह ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर को शामिल किया गया है। अक्षर एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-4 स्टेज के मैच में इंजर्ड हो गए थे। उन्हें उंगली में चोट आई। अक्षर की चोट पर रोहित ने कहा था कि अक्षर को रिकवर होने में 7 से 10 दिन का समय लग सकता है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 वनडे मिस करेंगे। अक्षर पटेल ने बांग्लादेश के खिलाफ 42 रन की पारी खेली थी, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके थे।

### अश्विन ने 20 महीने बाद जगह बनाई

आर अश्विन ने 20 महीने बाद भारत की वनडे टीम में जगह बनाई। उन्होंने जनवरी 2021 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी वनडे खेला था। इस मैच में राहुल ने ही कप्तानी की थी। सुंदर रविवार को एशिया कप फाइनल में टीम इंडिया का हिस्सा थे। वह अक्षर पटेल के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल हुए थे। हालांकि उन्हें बैटिंग और बॉलिंग दोनों ही करने का मौका नहीं मिला था। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप जीता था।

### 20 सदस्यीय स्क्वॉड घोषित किया

भारत के खिलाफ 3 वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया टीम में सीनियर खिलाड़ियों की वापसी हुई है। पैट कमिंस टीम की कप्तानी करेंगे। वे साउथ अफ्रीका दौरे पर नहीं गए थे, उनके अलावा दौरे से बाहर रहे स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की भी टीम में वापसी हुई है। तीन वनडे मैचों की सीरीज में 20 खिलाड़ी आएंगे, इनमें से 14 ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा है। ट्रेविस हेड साउथ अफ्रीका दौरे पर इंजर्ड होने के कारण ऑस्ट्रेलिया में ही अपनी फिटनेस रिकवर कर रहे हैं। टीम में पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, एडम जम्पा, एश्टन एगर और सीन एबॉट, मार्नस लाबुशेन, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, स्पेंसर जॉनसन, तनवीर संघा और मैथ्यू शॉर्ट हैं।

### 8 अक्टूबर को वर्ल्ड कप में भिड़ेंगी टीमें

ऑस्ट्रेलिया और भारत वनडे सीरीज के बाद सीधे वर्ल्ड कप खेलने उतरेंगे। 8 अक्टूबर को दोनों टीमें चेन्नई के मैदान पर भिड़ेंगी। दोनों ही टीमों का यह वर्ल्ड कप में पहला मुकाबला होगा। वर्ल्ड कप मैच से पहले दोनों टीमें 2-2 वॉर्म-अप मैच भी खेलेंगी। भारत 30 सितंबर को इंग्लैंड और 3 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ वॉर्म-अप मैच खेलेगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया 30 सितंबर को नीदरलैंड और 3 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ वॉर्म-अप मैच खेलेगा।

### सीनियर प्लेयर्स तीसरे वनडे में वापसी करेंगे

तीसरे वनडे में रोहित, कोहली, हार्दिक, कुलदीप और अक्षर वापसी कर लेंगे। इस मैच के लिए अश्विन और सुंदर को भी जगह मिली है। चीफ सिलेक्टर अगरकर ने कहा, अक्षर अगर फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए तो उन्हें तीसरा वनडे नहीं खिलाया जाएगा। इसीलिए उनकी जगह सुंदर और अश्विन को भी रखा गया है। शुरुआती 2 वनडे के लिए भारत ने 15 सदस्यीय स्क्वॉड घोषित किया है। जबकि तीसरे वनडे के लिए 17 प्लेयर्स के नाम घोषित हुए।

### राहुल 7 मैचों में कप्तानी कर चुके

केएल राहुल को भारत के लिए 7 वनडे मैचों में कप्तानी करने का अनुभव है। उन्होंने बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम की कप्तानी की है। इस दौरान 4 में टीम को जीत और 3 में हार मिली।

**ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए टीम इंडिया:** शुरुआती 2 वनडे के लिए टीम केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा (उप कप्तान), शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर।

**तीसरे वनडे के लिए टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर।

### टीम इंडिया के परफॉर्मेंस पर जताई खुशी

# कपिल बोले- टॉप-4 में आना बहुत जरुरी है

**नईदिल्ली, एजेंसी**



पूर्व वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव ने टीम इंडिया के परफॉर्मेंस पर खुशी जताई और कहा कि भारतीय टीम वर्ल्ड कप खेलने के लिए तैयार है। एक प्रोग्राम के दौरान कपिल देव ने कहा, एक क्रिकेटर के तौर पर हम और करीबी मुकाबले देखना चाहते हैं लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर मैं यही कहूंगा कि जितनी जल्दी हो सके उन्हें ऑलआउट करके जीत हासिल करो। एक क्रिकेटर या दर्शक के रूप में मैं बहुत करीबी खेल देखना चाहता हूं। कपिल देव ने कहा, क्रिकेट का खेल क्या शानदार है। एक क्रिकेटर या दर्शक के रूप में मैं बहुत करीबी खेल देखना चाहता हूं, लेकिन एक खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि 30 पे आउट करो, आके जीतो।% टीम इंडिया ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया। फाइनल मैच में श्रीलंकाई टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 15.2 ओवर में 50 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में टीम इंडिया ने 6.1 ओवर में 51 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। उन्होंने मोहम्मद सिराज के परफॉर्मेंस के बारे में कहा, %वंडरफुल परफॉर्मेंस, इतनी खुशी होती है आज कल 10 के 10 विकेट हमारे तेज गेंजबाज लेते हैं, एक समय था जब हम स्पिनर्स के ऊपर डिपेंड करते थे, अब ऐसा नहीं है। यही वजह है कि टीम इतनी मजबूत हो गई है।% फाइनल में मोहम्मद सिराज ने शुरुआती 16 गेंदों में श्रीलंका के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखा दी। सिराज के बाद हार्दिक पंड्या ने 3 विकेट हासिल किए। जसप्रीत बुमराह को एक विकेट मिला। अगले महीने से खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर कपिल देव ने कहा, %टॉप-4 में आना बहुत जरुरी है। अब हम यह नहीं कह सकते कि हम वर्ल्ड कप जीतने के प्रबल दावेदार हैं या नहीं। दिल कहता है हां, दिमाग कहता है नहीं। हमें बहुत कड़ी मेहनत करनी होगी। मैं अपनी टीम के बारे में जानता हूं। मैं अन्य टीमों के बारे में नहीं जानता। भारतीय टीम चैंपियनशिप में खेलने और जीतने के लिए तैयार है।% वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मैच से शुरू होगा। 10 शहर में कुल 48 मैच होंगे। टूर्नामेंट के वॉर्म-अप मैच 29 सितंबर से शुरू हो जाएंगे। भारत का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में होगा। 12 नवंबर को भारत और नीदरलैंड के बीच लीग स्टेज का आखिरी मैच होगा। 15 और 16 नवंबर को सेमीफाइनल और 19 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा।



## मेट्रो बाजार

# कारों का क्रेश टेस्ट एक अक्टूबर से किया जाएगा, रेटिंग भी मिलेगी

**पुणे, एजेंसी**

भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम के कमांड और कंट्रोल सेंटर की ओपनिंग कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पुणे के चाकन में केंद्रीय सड़क परिवहन संस्थान में इसका उद्घाटन किया। यहां भारतीय परिस्थितियों के अनुसार तय नॉर्म्स पर एजेंसी कारों का क्रेश टेस्ट कर उन्हें सेफ्टी रेटिंग देगी। इस टेस्ट में कारों को 0 से 5 स्टार तक की रेटिंग दी जाएगी। 0 स्टार का मतलब अनसेफ और 5 स्टार का मतलब पूरी तरफ सेफ माना जाता है। कारों का क्रेश टेस्ट एक अक्टूबर से किया जाएगा। अब तक ऑटो मेकर कंपनियों ने कारों के करीब 30 मॉडलों को टेस्ट के लिए रजिस्टर करा लिया है। इससे पहले विदेशी एजेंसी ग्लोबल एनकैप, यूरो एनकैप, ऑस्ट्रेलियन एनकैप और लैटिन एनकैप अपने स्टैंडर्ड के अनुसार भारतीय कारों का टेस्ट कर उन्हें सेफ्टी रेटिंग देती थीं। यह रेटिंग कई मायनों में भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से फिट नहीं होती, इसलिए केंद्र सरकार ने अपने रेटिंग सिस्टम की शुरुआत की। गडकरी ने कहा, भारत-एनसीएपी के तहत देश में व्हीकल की टेस्टिंग कॉस्ट करीब 60 लाख रुपए होगी, जबकि ग्लोबल लेवल पर यह कॉस्ट 2.5 करोड़ रुपए है। यानी अब देशी एजेंसी से टेस्टिंग कराने पर कंपनियों का 75त्न कम खर्च होगा। इससे ग्राहकों को बेहतर सेफ्टी वाली कार चुनने का ऑप्शन मिलेगा। साथ ही देश में सुरक्षित कार बनाने के लिए कंपनियों में कॉम्पिटिशन बढ़ेगा।



# नई ऑडी में स्पेशल माइथोस ब्लैक पेंट थीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑडी इंडिया ने भारत में फेस्टिवल सीजन के लिए ऑडी क्यूजेड का लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया है। यह लिमिटेड एडिशन मॉडल स्पेशल माइथोस ब्लैक पेंट कलर थीम पर बेस्ड है। इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर को अपडेटेड किया है। ऑडी क्यूजेड के स्पेशल एडिशन की लिमिटेड यूनिट ही सेल की जाएंगी। कंपनी ने इसकी कीमत ?69.72 लाख रुपए रखी है। भारत में कार का मुकाबला मुकाबला मर्सिडीज बेंज, वोल्वो, जैगुआर, लैंड रोवर डिस्कवरी और लेक्सस से होगा। ऑडी क्यूजेड लिमिटेड एडिशन के डिजाइन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके फ्रंट में सिंगल फ्रंट ग्रिल सिग्नेचर वर्टिकल स्ट्रट्स, हेडलाइट्स और एक पैनोरमिक ग्लास सनरूफ दिया गया है। इसके अलावा ब्लैक स्टाइलिंग पैकेज में ब्लैक ऑडी रिंग्स और रूफ रेल्स शामिल हैं। इसका केबिन मौजूदा मॉडल की तरह ही है। इंटीरियर समान लेआउट के साथ एक अलग डुअल-टोन थीम के साथ आता है। डैशबोर्ड, कंसोल को ब्लैक कलर का ट्रीटमेंट मिलता है, जबकि सीटों पर ओकापी ब्राउन के स्टाइलिश शेड के साथ लेदरेट अपहोल्स्ट्री दी गई है। ऑडी क्यू जेड लिमिटेड एडिशन को पावर देने 2.0 लीटर टीएफएसआई पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 261 बीपीओ की पावर और 370 ह्ह्व का टॉर्क जनरेट करता है।

## मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

### विजय ने की करीना कपूर की तारीफ...

# बोले- हमेशा उनकी ही फिल्में देखी




करीना कपूर, विजय वर्मा और जयदीप अहलावत स्टारर फिल्म 'जाने जान' जल्द ही रिलीज होने वाली है। ऐसे में तीनों एक्टर्स इन दिनों अपनी फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। वहीं हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के दौरान विजय ने बताया कि वह करीना के साथ रोमांटिक सीन के दौरान बेहद नर्वस हो रहे थे। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि वह उन सीन्स को कैसे करें। दरअसल, विजय हाल ही में शहनाज गिल के चैट शो में पहुंचे थे। इस दौरान उनसे करीना से साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर सवाल किया गया, इसपर एक्टर ने बताया कि करीना कपूर एक शानदार एक्ट्रेस हैं। वह जभी भी जयदीप अहलावत या उनकी ज्यादा तारीफ करती हैं तो दोनों शर्मा जाते हैं। विजय ने आगे कहा- 'हमने हम हमेशा से उनकी फिल्में देखते आए हैं। उनकी परफॉर्मेंस पर सीटियां बजाई हैं, उनकी खूबसूरती के दीवाने रहे हैं। जब वह शख्स आपके काम की तारीफ करता है, जिसे आप हमेशा से पसंद करते हैंज्तो ऐसे में थोड़ा अजीब सा लगता है। लेकिन आप उन तारीफों को एंजॉय करते हैं।'

### करीना के साथ रोमांटिक सीन करने में नर्वस था

बातचीत के दौरान शहनाज गिल ने कहा कि करीना कपूर हमेशा से कई लोगों का क्रश रही हैं। उनके साथ रोमांटिक सीन्स करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा? इस पर विजय ने कहा- फिल्म में एक सीन है, जिसमें वह मुझे बेहद रोमांटिक अदाओं के साथ देखते हुए गाना रही हैं। जैसे ही वह सीन आया, मेरे तो पसीने छूट गए। उस सीन को करते वक्त मैं नर्वस हो गया था। मेरे लिए उस सीन को शूट करना वाकई मुश्किल था। शहनाज ने कहा करीना बेहद हॉट हैं। इस विजय बोले- वह बेहद करिश्माई भी हैं।

# फिर नजर आ सकते हैं शाहिद और करीना



2007 में रिलीज हुई फिल्म 'जब वी मेट' शाहिद कपूर, करीना कपूर और इसके डायरेक्टर इम्तियाज अली की लाइफ में बहुत बड़ा चेंज लेकर आई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो हिट थी ही, क्रिटिक्स ने भी इसे खूब सराहा था। करीना को आज तक इस फिल्म में उनके किरदार के लिए याद रखा जाता है। अब सुनने में आया है कि 16 साल बाद इसका सीक्वल बनाने की प्लानिंग की जा रही है। एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म इन दिनों डेवलपमेंट स्टेज पर है। राज मेहता इसे प्रोड्यूस करेंगे और जल्द ही इम्तियाज अली भी इससे जुड़ सकते हैं। दोनों ने 2016 में आखिरी बार साथ किया था।

# शबाना को पैसे के लिए झूठ बोलने पर पड़ी थी डांट



वर्सेटाइल एक्ट्रेस शबाना आजमी 73 साल की हो गई हैं। 1974 में फिल्म अंकुर से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली शबाना ने अर्थ, थोड़ी सी बेवफाई, नमकीन, फायर, मकड़ी जैसी कई यादगार फिल्में की हैं। 160 फिल्मों का हिस्सा रहीं शबाना को 2012 में पद्मभूषण से नवाजा गया था। शबाना चंचल स्वभाव की रहीं। एक बार मां के डांटने पर सुसाइड करने रेलवे ट्रेक तक पहुंच गई थीं, ट्रेक पर एक चौकीदार ने उन्हें रोक लिया। एक समय ऐसा भी आया जब उन्होंने परिवार की मदद के लिए पेट्रोल पंप पर कॉफी भी बेची। महान शायर कैफी आजमी और नामी थिएटर एक्ट्रेस शौकत आजमी की बेटी शबाना का भी झुकाव एक्टिंग और साहित्य दोनों में रहा। हालांकि, उन्होंने मां की विरासत को आगे बढ़ाया और फिल्मों में आ गईं। एक बार घर पर मां शौकत आजमी के परिवार वाले आ रहे थे। घर पर सिर्फ चावल ही थे। दाल तक खरीदने के पैसे नहीं थे। ये हालात देख शबाना को अच्छा नहीं लगा। जब उन्हें कुछ समझ नहीं आया तो बगल में रहने वाले सरदार जाफरी के घर चली गईं।

# गणेशोत्सव के दौरान थाना प्रभारियों को इलाके पर नजर रखने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गणेशोत्सव पर्व के दौरान शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करेंगे और थाना मोबाइल में बलवा ड्रिल सामग्री ाी आवश्यक रूप से रखेंगे। यह निर्देश सोमवार को हुई एक बैठक में पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने दिए। आगामी गणेश उत्सव त्योहार के दौरान शांति व सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर ने नगरीय पुलिस भोपाल के सभी राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा व सभी डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी तथा सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।



**कमिश्नर ने की समीक्षा**



पुलिस कमिश्नर मिश्र ने दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि गणेश प्रतिमा आगमन, प्रस्थान तथा प्रतिमा विसर्जन के दौरान क्षेत्रों में मुस्तैद रहें, ताकि कहीं कोई विवाद की स्थिति न बने। गणेशोत्सव के दौरान नगर रक्षा समिति तथा शांति समिति का सहयोग लें और नगर रक्षा समिति के सभी सदस्यों को आईकार्ड अनिवार्य रूप से दिए जाएं। आयोजकों से बातचीत कर झांकी स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाने के सुझाव दें। शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए आग्रह करें, सूचना तंत्र मजबूत करें और अगर किसी प्रकार का कोई विवाद अथवा घटना की सूचना मिले तो तत्काल कंट्रोल रूम या आला अधिकारियों को अवगत कराएं।

### बैरागढ़ स्थित चंचल चौराहा पर बीती रात स्पोर्ट्स बाइक सवार लुटेरों ने की वारदात

# बाइक सवार लुटेरों ने सिविल कांट्रेक्टर की पत्नी का मंगलसूत्र झपटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित चंचल चौराहा पर बीती रात बाइक सवार लुटेरों ने सिविल कांट्रेक्टर की पत्नी के गले से मंगलसूत्र झपट लिया। घटना रात करीब 11 बजे के आसपास की है। लूटपाट को अंजाम देने के बाद आरोपी लालघाटी की तरफ भाग निकले। लूटे गए मंगलसूत्र की कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**



एसआई उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि शिल्पा पति स्वपनिल वैष्णव (35) त्रिलंगा शाहपुरा में रहती हैं। वह गृहणी हैं, जबकि उनके पति सिविल कांट्रेक्टर है। सोमवार को दंपती बैराग? मार्केट गए थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह त्यौहारों में बैराग? से ही खरीदारी करते हैं। रात करीब 11 बजे खरीदारी करने के बाद दोनों मुख्य स?क पर ख?ी अपनी गा?ी की तरफ पैदल लौट रहे थे। इसी बीच मार्केट में गली से निकलकर आए स्पोर्ट्स बाइक पर सवार दो लुटेरों में पीछे बैठे लुटेरे ने शिल्पा के गले से मंगलसूत्र झपट लिया। जिस समय वारदात हुई उस समय शिल्पा से चंद कदमों की दूरी पर उनके पति स्वपनिल हाथ में सामान लेकर उनके पीछे आ रहे थे। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही लुटेरे मंगलसूत्र झपटकर तेजी से बाइक चलाते हुए लालघाटी की तरफ भाग निकले। घटना की जानकारी स्वपनिल और शिल्पा ने तत्काल बैराग? थाने पहुंचकर की थी।

**दोनों ने लगाया था हेलमेट**

स्वपनिल ने पुलिस को बताया कि दोनों लुटेरे स्पोर्ट्स बाइक पर?थे। उनकी बाइक पर नंबर नहीं डला?था। इसके साथ ही दोनों ने ही हेलमेट पहन रखा था। रात होने के कारण और तेजी से लूट की वारदात को अंजाम देकर भागने के कारण वह उनका ठीक से हुलिया भी नहीं देख सकें। पुलिस मार्केट के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देख रही है।

# घर से घास लेने का कहकर निकले किसान ने आम के पेड़ पर लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव हिरनखे?ी में एक किसान ने खेत की मे? पर लगे आम के पे? पर फांसी लगा ली। कल शाम परिजन ने उसकी लाश आम के पे? पर फांसी के फंदे लटकी देखकर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

पुलिस के अनुसार दिनेश पिता रामस्वरूप विश्वकर्मा (42) गांव हिरनखे?ी, बैरसिया में रहता?था और पेशे से किसान था। उनके भतीजे रीतिक विश्वकर्मा ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया था कि चाचा दिनेश विश्वकर्मा सोमवार शाम घर से मवेशियों के लिए घांस लाने का कहकर निकले थे। करीब दो घंटे तक वह नहीं लौटे तो उनकी तलाश करते हुए परिजन खेत पर पहुंचे थे। इस बीच उनकी लाश खेत की मे? पर लगे आम के पे? पर लटकी नजर आई।

# एसी के आउटडोर यूनिट चुराने वाले दो चोर गिरफ्तार

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एसी के पुराने आउटडोर बरामद किए है। बरामद आउटडोर की कीमत तीस हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मोहमद फहीम पिता अब्दुल करीम (43) कांग्रेस नगर थाना टीला जमालपुरा में रहते हैं। वे अंबेडकर नगर कालोनी ऐशबाग में हाईपर रेफ्रीजिरेशन के नाम से आफिस संचालित करते हैं। उनके आफिस में एसी रिपेयरिंग का काम किया जाता है। गत 16 सितंबर की रात करीब दस बजे उन्होंने अपने आफिस का ताला लगाया और घर चले गए। इस दौरान बाउंडरी वाल के अंदर उन्होंने कुछ पुराने एसी के आउटडोर यूनिट रखे थे। 18 सितंबर की सुबह करीब सा? दस बजे वह आफिस पहुंचे तो ऐशबाग थाना के पुलिसकर्मी ओमप्रकाश व प्रयाग सिंह ने उन्हें बताया कि विनोद कुशवाहा और अरुण सिंह ठाकुर को उन्होंने पुराने एसी युनिट के साथ गश्त के समय पक?ा है। वह दोनो आपके यहां से एसी आउटर चोरी करना बता रहे है।

दोनों पुलिसकर्मी की बात सुनकर फहीम ने अपने आफिस की बाउंडरी के अंदर रखे एसी आउटडोर युनिट चेक किए तो तो एक दो एसी आउटडोर युनिट नहीं?थे।

# सिरफिरे ने चाकू से किया हमला, तीन लोगों को लगे घाव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



कमला नगर?थाना क्षेत्र स्थित पीएनटी चौराहा पर आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक कारोबारी पर बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। बदमाश ने दो अन्य लोगों पर भी चाकू से हमला किया है और गा?ियों में तो?फो? की है। चाकू लगने से कारोबारी को हाथ और सिर में चोट आई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोटरा सुल्तानाबाद निवासी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि उनका दोस्त ईशांत दुबे कोटरा में रहता है और डिजिटल फर्म का काम करता है। ईशांत प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाता?था।

मंगलवार सुबह करीब सा? 5 बजे भी वह मार्निंग वॉक पर निकला था। इस दौरान पीएनटी चौराहा पर पहुंचा था। उसने देखा कि भी? लगी हुई है और शोर की आवाज आ रही है। लिहाजा वह भी? के पास पहुंचा?था, तभी भी? में एक युवक निकला और उसने अचानक ईशांत पर चाकू से हमला कर दिया। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई और वहां से निकले। पलटकर ईशांत ने देखा तो उस बदमाश ने दो अन्य युवकों पर चाकू से हमला किया था। चाकू लगने के बाद वे तत् काल अस्पताल पहुंचे इलाज कराने के बाद अपने दोस्तों को घटना की जानकारी दी।

# नहाते समय गर्म पानी से झुलसी 85 साल की बुजुर्ग महिला की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित शक्ति नगर में गत दिनों 85 साल की बुजुर्ग महिला नहाते समय गर्म पानी से झुलस गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान करीब 11 दिन बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार कुलीबाई पति स्वर्गीय ग?ा चंदेलकर (85) शक्ति नगर, गोविंदपुरा में रहती थी। गत 7 सितंबर की सुबह वह घर में नहा रही थी। तभी बाल्टी में रखा गर्म पानी फैल गया। गर्म पानी फैलने से कुलीबाई का हाथ और कमर से नीचे का हिस्सा बुरी तरह से झुलस गया था। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान बीती रात कुलीबाई की मौत हो गई। डॉक्टर ने बताया कि उम्र दराज कुलीबाई बीपी और शुगर की मरीज थी। हादसे में झुलस गई?थी और उनके घांव भर नहीं सके।

**गौरक्षा की चिंता**




भोपाल। गौरक्षा के मुद्दे पर आज कंप्यूटर बाबा ने मीडिया से बात की।

**मेट्रो एंकर** परेशान हुए यात्री, रेलवे ने दूसरी ट्रेन से उस ट्रेन में बैठने वाले यात्रियों को बीना तक पहुंचवाया

# ट्रेन विदिशा पहुंच गई, तब अधिकारियों को याद आया, इसे तो भोपाल में रोकना था

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

वैसे तो रेलवे के अधिकारियों की अनदेखी कई बार सामने आती रही है। इस बार जो अनदेखी सामने आई है वह हैरान कर देने वाली है। असल में जिस ट्रेन को भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-2 पर रोकना था, वह बिना रूके विदिशा रेलवे स्टेशन पहुंच गई। तब जाकर भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों को पता चला। आनन-फानन में उक्त ट्रेन को बीना स्टेशन पर रोककर रखा गया। तब तक भोपाल में उस ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को दूसरी ट्रेन में बैठाकर बीना पहुंचाया गया। तब जाकर संबंधित यात्री उस ट्रेन में आगे के लिए सफर शुरू कर सके।

उक्त ट्रेन का नाम अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस ~19489~ है और घटना सोमवार तड़के की है। गफलत की वजह यह रही कि यह ट्रेन बदले हुए मार्ग भोपाल के रास्ते गुजर रही थी, जो नियमित तौर पर संत हिरदाराम नगर के रास्ते गुजरती है। रेलवे ने उक्त ट्रेन का बीते दिनों रतलाम रेल मंडल में अधिक बारिश के कारण मार्ग बदल दिया था। जिसके कारण यह ट्रेन मक्सी के रास्ते संत हिरदाराम नगर से न होकर इटारसी के रास्ते भोपाल से होकर गुजर रही थी।



**पूर्व में यह हो चुकी है गफलत**

यह पहला मौका नहीं है जब भोपाल रेलवे स्टेशन पर इस तरह की गड़बड़ी सामने आई है, इसके पहले भी एक ट्रेन मुंबई की और थ्रू गुजर रही थी। तब रेलवे ने ट्रेन के पायलट और लोको पायलट पर कार्यवाही की थी।

**ऑपरेटिंग के अधिकारियों को करना था मैसेज**

दरअसल यह भोपाल से गुजरने वाली नियमित ट्रेन नहीं थी, बल्कि रतलाम, मक्सी, संत हिरदाराम नगर से होते हुए गुजरती है। जिसे रतलाम मंडल में बीते दिनों अधिक वर्षा के कारण बदले हुए मार्ग से चलाया जा रहा था। सोमवार को यह ट्रेन इटारसी के रास्ते भोपाल आ रही थी। इस ट्रेन को भोपाल में रोकने के लिए ऑपरेटिंग के अधिकारियों को मैसेज करना था और बकायदा समन्वय बनाना था लेकिन समय पर यह काम नहीं हो सका, इसलिए ट्रेन भोपाल में नहीं रोकी जा सकी।


**ज्योतिष परामर्श**

ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें

श्रुति रावत ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं. 7869267010

कॉलिंग नंबर 7415497010



shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022